# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शनिवार, 14 जून 2025

संवत 2082, आषाढ़ कृष्ण तीन मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 280 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▸▸ अहमदाबाद में 'सपनों की उड़ान' से सुलगते सवाल

अमिर खान का खुलासा... ◂◂ 6




## पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

### 20 जून को ईडी रखेगी पक्ष



**रांचीः** झारखंड हाई कोर्ट में बीते शुक्रवार को टेंडर कमीशन घोटाला मामले में आरोपित पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। इस मामले में आलमगीर आलम की ओर से बहस पूरी हो गई। अब अगली सुनवाई 20 जून को ईडी की ओर से बहस होगी।

इस मामले में तत्कालीन चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम भी आरोपी है। ज्ञातव्य है कि 15 मई 2024 को ईडी ने आलमगीर आलम को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद से वे अब तक जेल में बंद है। टेंडर आवंटन में कमिशन लेने का उनपर आरोप है। टेंडर कमीशन घोटाला मामले को लेकर ईडी ने सबसे पहले 21 फरवरी 2023 को बड़ी कार्रवाई की थी। निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के रांची जमशेदपुर पटना और दिल्ली सहित कई ठिकाने पर छापेमारी की थी। छापेमारी के बाद वीरेंद्र राम को ईडी ने गिरफ्तार किया था।

ईडी की दूसरी बड़ी कार्रवाई 6 और 7 मई 2024 को हुई थी। इसमें कई इंजीनियर, कांट्रेक्टर ठेकेदार और पूर्व मंत्री आलमगीर आलम, उनके पीएस संजीव लाल के ठिकाने पर ईडी ने छापेमारी की थी। संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के ठिकाने से ईडी ने 32 करोड़ कैश बरामद किए थे। इसके बाद जांच की आंच पूर्व मंत्री आलमगीर आलम तक जा पहुंचा था। 2 दिनों की पूछताछ के बाद ईडी ने आलमगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया था। दूसरी तरफ 38 करोड़ रुपए से अधिक के शराब घोटाले मामले में गिरफ्तार निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे की याचिका पर आज झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई नहीं हो पाई।

# देर रात हुए सड़क हादसे में दो नाबालिग युवक- युवती की मौत

### घायल किशोरी ने भी आज रिम्स में इलाज के दौरान तोड़ा दम

**अनगड़ा :** राजधानी रांची में शुक्रवार रात हुए भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत पहले ही हो चुकी है। आज रिम्स में इलाज के दौरान हादसे में घायल रेखा ने भी दम तोड़ दिया। यह सड़क हादसा शुक्रवार की रात करीब आठ बजे रांची के अनगड़ा के सिकिदिरी थाना क्षेत्र के भूसूर जंगल मोड़ के पास हुआ।





जानकारी के अनुसार, बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से जख्मी 16 वर्षीय रेखा मुंडा को प्राथमिक उपचार के बाद अनगड़ा सीएचसी से बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया था। यहां शनिवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस हादसे में बाइक चला रहे 17 वर्षीय प्रिंस पाहन और बाइक सवार 16 वर्षीय गीता कुमारी की कल रात हुई दुर्घटना के बाद मौके पर ही मौत हो गयी थी।

मालूम हो कि गेतलसूद डैम-इंटेक मोड़ मार्ग के भुसूर जंगल में कलिंगा होटल मोड़ के पास शुक्रवार की शाम आठ बजे एक अनियंत्रित बाइक (जेएच 01 ईयू 8520) ने रोड किनारे रखे वाटर पाइप को जोरदार टक्कर मार दी। बताया गया कि बाइक की रफ्तार काफी तेज थी। ऐसे में मोड आने पर बाइक अनियंत्रित होकर पाइप से टकरा गयी। इस हादसे में बाइक चला रहे प्रिंस पाहन की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि गीता कुमारी ने अनगड़ा सीएचसी ले जाते वक्त दम तोड़ दिया।

इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद पूरे राढ़ा व संग्रामपुर गांव में मातम छा गया। इस हादसे में एक ही घर की दो बच्चियों की मौत हो गयी। गीता और रेखा चचेरी बहनें थीं। दोनों कांके थाना क्षेत्र के राढ़ा गांव की रहने वाली थीं। जबकि प्रिंस संग्रामपुर कांके निवासी मिथुन पाहन का इकलौता पुत्र था। वह प्रभात विद्या भारती पतरातू कांके के कक्षा दसवीं में पढ़ता था।

## झारखंड-ओडिशा बॉर्डर पर नक्सलियों ने सुरक्षाबलों को बनाया निशाना, आईईडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ जवान गंभीर

**रांचीः** नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के दौराप शुक्रवार को झारखंड-ओडिशा बॉडर पर नक्सलियों द्वारा लगाया गया आईईडी ब्लास्ट कर गया। सुरक्षाबलों को निशाना बनाये जाने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी ब्लास्ट करने से एक सीआरपीएफ जवान घायल हो गए।

शुक्रवार को झारखंड-ओडिशा बॉर्डर पर ओडिशा पुलिस, सीआरपीएफ और झारखंड पुलिस संयुक्त रूप से अभियान चला रही थी। इसी दौरान राउरकेला जिला के के बेलांग थाना क्षेत्र स्थित जंगल और पहाड़ी इलाके में सुरक्षाबलों को निशाना बनाने के उद्देश्य से लगाया गया आईईडी ब्लास्ट कर गया। नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी ब्लास्ट करने से सीआरपीएफ 134 बटालियन के जवान सत्यवान कुमार सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए है। उन्हे राउकेला अस्पताल भेजा गया है।

## केदारनाथ का दर्शन करने वालों की संख्या 10 लाख के पार पहुंची

### मंदिर में आरती के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी

**नई दिल्लीः** इन दिनों पवित्र केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है, जो अपनी आध्यात्मिक भावनाओं को व्यक्त करने के लिए यहां आ रहे हैं। चारधाम यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक 10 लाख से अधिक श्रद्धालु बाबा केदारनाथ के दर्शनों के लिए पहुंच चुके हैं। हर दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु चुनौतीपूर्ण पहाड़ी रास्ते को पार कर बाबा केदारनाथ के चरणों में दर्शन करने पहुंच रहे हैं। शाम की आरती में धाम में हजारों श्रद्धालु एक साथ आते हैं, जिससे मंदिर परिसर भक्ति और दिव्यता से भर जाता है। हर तरफ हर-हर महादेव के जयकारों की गूंज सुनाई दे रही है।



इस बार यात्रा में प्रशासन ने दर्शन व्यवस्था को सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए टोकन सिस्टम लागू किया है, जिससे श्रद्धालुओं को कम समय में दर्शन का लाभ मिल रहा है। बाबा केदारनाथ के कपाट दो मई को आम श्रद्धालुओं के लिए खोले गए थे और तब से अब तक रिकॉर्ड संख्या में भक्त दर्शन कर चुके हैं। इस समय केदारनाथ धाम में मौसम की भी कई कठिनाइयां देखने को मिल रही है। इसके बाद भी केदारनाथ में भारी भीड़ हो रही है। प्रशासन ने पैदल मार्ग, टेंट, स्वास्थ्य व सुरक्षा संबंधित सुविधाओं को बेहतर बनाया है। इससे हर श्रद्धालु को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।

दो मई को केदारनाथ के कपाट खुलेंने के बाद अबतक 10 लाख से अधिक श्रद्धालु केदारनाथ धाम पहुंच कर दर्शन कर चुके है। लोगों की आस्था में किसी तरह की कमी नहीं देखने को मिल रही है। हर दिन हजारों की संख्या में भक्त केदारनाथ पहुंच रहे है। शाम की आरती में भी भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे है। अब गर्भगृह तक पहुंचने में भी लोगों को कम समय लग रहा है। व्यवस्था अच्छी होने से दर्शन करने का समय काफी कम हुआ है। बता दें कि इन दिनों मंदिर दिन-रात खुला हुआ है। भक्त लगातार बाबा के दर्शन करने पहुंच रहे है।

असम में आईईडी विस्फोट, साजिश मामला

## एनआईए ने तीन के खिलाफ दायर किया आरोप पत्र




**नई दिल्ली** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 13 जून को असम में स्वतंत्रता दिवस 2024 के दौरान कई स्थानों पर आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) विस्फोट की साजिश रचने के मामले में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन उल्फा (आई) के तीन सदस्यों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया। यह कार्रवाई गुवाहाटी की विशेष एनआईए अदालत में की गई।

आरोपियों में उल्फा (आई) के अध्यक्ष और स्वयंभू कमांडर-इन-चीफ परेश बरुआ (उर्फ परेश असोम, कामरुज जमान खान, नूर-उज-जमान, प्रदीप, पबन बरुआ), अभिजीत गोगोई (उर्फ ऐशंग असोम, रुमेल असोम, धनजॉय मोरन) और जाह्नु बोरुआ (उर्फ अर्नोब असोम, हंटू) शामिल हैं।

इन पर भारतीय दंड संहिता (बीएनएस), गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूए(पी) अधिनियम) और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। एनआईए की जांच में पता चला कि ये आरोपी गुवाहाटी के दिसपुर लास्ट गेट सहित असम के कई इलाकों में स्वतंत्रता दिवस समारोह (2024 में) को बाधित करने के लिए आईईडी लगाने की साजिश में शामिल थे।

सितंबर 2024 में इस मामले को अपने हाथ में लेने के बाद एनआईए ने पाया कि इन विस्फोटकों को लोगों को नुकसान पहुंचाने, संपत्ति को क्षति पहुंचाने और भारत की एकता, अखंडता, सुरक्षा और संप्रभुता को खतरे में डालने के इरादे से लगाया गया था। इसका मकसद देश में आतंक फैलाना था। एनआईए ने इस मामले की जांच के दौरान पुख्ता सबूत जुटाए, जिसके आधार पर आरोप पत्र दायर किया गया। जांच अभी जारी है और एनआईए अन्य संदिग्धों की भूमिका की भी पड़ताल कर रही है। बता दें कि असम के प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम-इंडिपेंडेंट ने अपने बयान में दावा किया था कि उन्होंने स्वतंत्रता दिवस से संबंधित कार्यक्रमों को बाधित करने के मकसद से राज्यभर में 19 बम प्लांट किए थे। बयान में आगे कहा गया था कि उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सुबह छह बजे से लेकर 12 बजे तक कई स्थानों पर बम ब्लास्ट करके अपनी ताकत दिखाना चाहते थे।

## इसरो ने दी खुशखबरी, 19 जून को अंतरिक्ष यात्रा पर जाएंगे शुभांशु शुक्ला



**नई दिल्लीः** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), शाओम स्पेस और स्पेसएक्स के बीच हाल ही में एक बैठक हुई, जिसमें अहम फैसले लिए गए। इस बैठक में यह पुष्टि हुई कि फाल्कन 9 रॉकेट में हुई लिक्विड ऑक्सीजन लीक की समस्या को ठीक कर लिया गया है। भारतीय वायुसेना के पायलट और इसरो के नए नवेले अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अब 19 जून 2025 को अंतरिक्ष के लिए रवाना होंगे। एएक्स 04 मिशन की लॉन्चिंग की नई तारीख की आधिकारिक पुष्टि की गई है।

इसे पहले अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था। इसे फ्लोरिडा स्थित नासा के केनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया जाएगा। आपको बता दें कि यह शाओमी स्पेस, स्पेस एक्स और इसरो का संयुक्त मिशन है। इसके साथ ही शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा करने वाले भारत के चुनिंदा अंतरिक्ष यात्रियों में शामिल हो जाएंगे। इससे पहले फाल्कन 9 रॉकेट में लिक्विड ऑक्सीजन लीकेज की समस्या सामने आई थी, जिसे स्पेसएक्स के इंजीनियरों ने अब पूरी तरह ठीक कर दिया है। इसरो, स्पेसएक्स और शाओमी स्पेस के बीच हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में तकनीकी पहलुओं की समीक्षा के बाद मिशन को हरी झंडी दी गई। इस मिशन के दौरान शुभांशु शुक्ला भारत द्वारा डिजाइन किए गए सात वैज्ञानिक प्रयोग करेंगे और नासा के साथ संयुक्त शोध में भी भाग लेंगे। यह भारत के मानव अंतरिक्ष मिशन कार्यक्रम के लिए एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

**इसे पहले अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था। इसे फ्लोरिडा स्थित नासा के केनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया जाएगा। आपको बता दें कि यह शाओमी स्पेस, स्पेस एक्स और इसरो का संयुक्त मिशन है। इसके साथ ही शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा करने वाले भारत के चुनिंदा अंतरिक्ष यात्रियों में शामिल हो जाएंगे। इससे पहले फाल्कन 9 रॉकेट में लिक्विड ऑक्सीजन लीकेज की समस्या सामने आई थी, जिसे स्पेसएक्स के इंजीनियरों ने अब पूरी तरह ठीक कर दिया है।**

## कोरोना की नहीं थम रही रफ्तार, रांची में अब तक मिले 22 मामले

**रांचीः** देश में एक बार फिर कोरोना के बढ़ते मामलों ने चिंता बढ़ा दी हैं। लगातार इसके मामले में बढ़ते ही जा रहे हैं। वहीं, झारखंड की राजधानी रांची में सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 22 हो गई है।

स्वास्थ्य विभाग की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, बीते शुक्रवार को जांचे गए 53 सैंपलों में से 2 लोगों की रिपोर्ट कोविड-19 पॉजिटिव पाई गई है जिसके बाद अब तक सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 22 हो गई है। सिविल सर्जन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अब तक जिले में कुल 505 लोगों की कोविड जांच की जा चुकी है, जिनमें से 39 मामलों में संक्रमण की पुष्टि हुई है।



स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी एडवाइजरी के अनुसार, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, बच्चों और स्वास्थ्यकर्मियों को मास्क पहनने की सख्त सलाह दी गई हैं। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर मास्क का प्रयोग जरुरी किया जाए ताकि संक्रमण के प्रसार को रोका जा सके। लोगों से व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने की भी अपील की गई हैं। यदि किसी को खांसी, बुखार या कोरोना जैसे लक्षण महसूस हो तो तुरंत खुद को आइसोलेट करने और डॉक्टर से संपर्क करने की सलाह दी गई हैं। साथ ही खांसते या छींकते समय मुंह ढकने और हाथों की साफ-सफाई का ध्यान रखने को कहा गया हैं। सार्वजनिक स्थानों पर विशेष सावधानी बरतने की भी हिदायत दी गई हैं।

इजरायल ने एक रात में ईरान में मचा दी तबाही

# मलबा बनी इमारतें, हर तरफ धुआं ही धुंआ

**नई दिल्लीः** पश्चिम एशिया में तनाव की लपटें अब और तेज हो गई हैं। इजरायल ने ऑपरेशन राइजिंग लॉयन के तहत ईरान पर अब तक का सबसे बड़ा हमला किया है। इस सुनियोजित और घातक सैन्य कार्रवाई में इजरायल ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को भारी नुकसान पहुंचाया है, जिससे पूरे क्षेत्र में भूकंप जैसे झटके महसूस किए गए। ईरान ने खुद भी पुष्टि की है कि नतांज साइट को जबरदस्त नुकसान हुआ है। नंताज साइट के आसपास बनी इमारतें भी तहस-नहस हो गई हैं। इलाके में खड़ी



गाड़ियां भी डैमेज हुई हैं। सडकों पर मलबा और गाड़ियों के टूटे कांच नजर आ रहे हैं।

चेक रिपब्लिक नेतन्याहू के समर्थन में कहा, ठीक कियाः चेक रिपब्लिक ने इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों को जायज ठहराया है। विदेश मंत्री ने कहा कि यह हमला ईरान की परमाणु महत्त्वाकांक्षाओं और इजरायल को समाप्त करने की सोच रखने वाले संगठनों को दिए जा रहे समर्थन का जवाब है। चेक विदेश मंत्रालय ने इसे वाजिब प्रतिक्रिया करार देते हुए कहा कि इजरायल को अपने अस्तित्व की रक्षा करने का पूरा हक है। हमास बोला, कार्रवाई खतरनाक उकसावाः हमास ने ईरान पर इजरायल के सैन्य और परमाणु ठिकानों पर किए गए हमलों की कड़ी निंदा की। उसने चेतावनी दी कि यह कार्रवाई एक खतरनाक उकसावा है, जो पूरे क्षेत्र को अस्थिर कर सकती है। हमास ने कहा कि ईरान फिलिस्तीन और उसके प्रतिरोध आंदोलन का समर्थन करने की कीमत चुका रहा है। संगठन ने इस हमले को पश्चिम एशिया की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताया और कहा कि यह इजराइल की आक्रामक नीति का विस्तार है, जिससे पूरे इलाके में तनाव और टकराव की आशंका बढ़ गई है।

ईरान ने मस्जिद पर फहराया लाल झंडाः इजरायली हमले के बाद ईरान की मस्जिद पर लाल झंडा फहरा दिया गया है। पारंपरिक रूप से इसे इंतकाम यानी बदले का प्रतीक माना जाता है। यह झंडा ईरान की धार्मिक और राजनीतिक व्यवस्था से एक बड़ा संदेश है कि जवाबी कार्रवाई अब तय मानी जा रही है। मस्जिदों पर लाल झंडा फहराना संकेत है ।

न्यूज ब्रीफ

## न सिलेंडर मिला, न ही चूल्हा, खाते में हो रहे सब्सिडी जमा




### पात्र महिलाएं है वंचित, सबल महिलाएं उठा रही लाभ

**सिल्ली :** केंद्र सरकार की ओर से गरीब परिवारों को निशुल्क एलपीजी कनेक्शन देने के लिए 1 मई 2016 को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की शुरूआत की थी। जिससे गरीब परिवारों की महिलाओं को इस योजना से जोडकर.संबल प्रदान करना था, लेकिन इस योजना में भी गड़बड़ी होने से सिल्ली खेरडीह, धुंधा डेरा किता आदि ऐसे दर्जनों गांव की सैकड़ो पात्र महिलाएं जो इस योजना की लाभ से वंचित है कई महिलाएं जिनको न गैस मिला है न चूल्हा और खाते में सब्सिडी आ रहा है इसका एक उदाहरण खेरडीह निवासी अनिता देवी पति अमरेश महतो उदाहर का है. उसने इस योजना के तहत वर्ष 2018 में आवेदन किया थ उन्हें न तो सिलेंडर मिला और न ही चूल्हा और मोबाइल में इंडेन गैस एजेंसीज सिल्ली से डिलीवरी का हर बार मैसेज आ रहा है.इस सबंध में लाभुक द्वारा पूछे जाने पर दबंगाई से कहा जा रहा है सिलेंडर और चूल्हा नही मिला है तो क्या होगा सब्सिडी तो मिल रहा है न, और यह भी कहा जा रहा है की जहाँ शिकायत करना है करो कोई फर्क नही पड़ने वाला है. दूसरी और धुंधाडेरा की दर्जनों महिला सिलिंडर और चूल्हा मिलने की आस में 6-7 साल चक्कर काट रही है लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है।

## राष्ट्रीय सीनियर सिटीजन एसोसिएशन की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा



**मुरी :** राष्ट्रीय सीनियर सिटीजन एसोसिएशन की सुंदर कुंज लाज में आयोजित बैठक अत्यंत महत्वपूर्ण रही। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय बरिष्ठ नागरिक संघ के महासचिव रामायण एलौन ने अनेक बिन्दुओं पर चर्चा की। जिसमें बरिष्ठ नागरिकों के सामाजिक सुरक्षा राशि को बढ़ाने की बात कही। उन्होंने कहा कि माह सितम्बर में दिल्ली में बरिष्ठ नागरिकों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें उन्होंने झारखंड की भागीदारी का आग्रह किया। इस बैठक में झारखंड प्रदेश के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित थे।

## विधायक के प्रयास से ब्राह्मणी में लगा नया ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों ने मनाई खुशी



**सिल्ली :** प्रखंड अंतर्गत गोड़ाडीह पंचायत के वाम्हनी गांव के ग्रामीणों द्वारा ट्रांसफार्मर खराबी की सूचना मिलते ही स्थानीय विधायक अमित महतो के प्रयास से नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। गौरतलब है कि बीते दिनों अचानक ट्रांसफार्मर में खराबी आ जाने से गांव में बिजली आपूर्ति ठप हो गयी थी। नया ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका के उपस्थिति में पंचायत के मुखिया सावन देवी पंचायत समिति सदस्य चैती देवी ने विधिवत फीता काटकर किया. नया ट्रांसफार्मर लगने पर हर ग्रामीणों के चेहरे में खुशी में देखी गई, अध्यक्ष ने कहा गांव के विकास के लिए ग्रामीण सकारात्मक सोच रखें, गांव के सर्वांगीण विकास के लिए मिल बैठकर योजना बनाएं समाधान करना विधायक पर छोड़े. मौके पर झामुमो नेता बंधु सिंह नायक मो मोमिन कांतू नायक वार्ड सदस्य मनीष समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## नवनियुक्त रोजगार सेवकों को कार्यदायित्व से संबंधित दिया गया प्रशिक्षण

**चतरा:** डीआरडीए सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में मनरेगा अंतर्गत संविदा आधारित नवनियुक्त रोजगार सेवकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी नवनियुक्त ग्राम रोजगार सेवकों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण में मुख्य रूप से मनरेगा योजना के संचालन, चुनौतियाँ, व्यावहारिक, इत्यादि के बारे में बताया गया। इसके अतिरिक्त अन्य मॉड्यूल पर भी प्रशिक्षण दिया गया यथा मनरेगा मार्गदर्शिका, विभिन्न मॉड्यूल, योजना का क्रियान्वयन इत्यादि,अभियंत्रण से संबंधित जानकारी,आवास में मनरेगा के भूमिका समेत अन्य आवश्यक बिंदुओं की क्रमवार जानकारी दी गई।

उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा द्वारा चुनौतियों से निपटने हेतु कई जानकारी दी गई।प्रशिक्षक के रूप में सहायक परियोजना पदाधिकारी प्रदीप कुमार,प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी अजय कुमार सिंहा, कनीय अभियंता प्रिंस बक्शी, जिला समन्वयक राजदीप कुमार उपस्थित थे।

## नशा मुक्ति को लेकर हंटरगंज प्रखंड मुख्यालय में चला जागरूकता अभियान

**चतरा:** मादक पदार्थों के सेवन को रोकने को लेकर शुक्रवार को हंटरगंज प्रखंड मुख्यालय कार्यालय सभागार में प्रखंड स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए लोगों को शपथ दिलायी गयी।नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में लोगों को जागरूक करने, ग्रामीण हाट, बाजार, चौक-चौराहा व भीड़ वाले स्थान पर जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया गया । प्रखण्ड विकास पदाधिकारी निखिल गौरव कमान कच्छप ने कहा की कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं और लोगों को नशे की लत से बाहर निकालना है सभी को जागरूक किया जा रहा है।

# विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला 12 जुलाई से, तैयारियों में जुटी हेमंत सरकार

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची/दुमका :** झारखंड सरकार इस वर्ष 12 जुलाई से शुरू होने वाले विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला की तैयारी में जुट गयी है। राज्य के नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, पर्यटन, कला एवं संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू की अध्यक्षता में बीते शुक्रवार को यहां राजकीय श्रावणी मेला, 2025 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की गयी।



दुमका जिले के बासुकीनाथ मंदिर स्थित सभागार में आयोजित बैठक में उपायुक्त के साथ जिले वरीय पदाधिकारी भी शामिल हुए। मंत्री ने इस राजकीय श्रावणी मेला के दौरान किये जाने वाले कार्यों के संबंध में विभिन्न विभागों से जानकारी प्राप्त की और सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की समस्या होने पर उन्हें अविलंब अवगत कराएं जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं हो। उन्होंने दावा किया कि इस वर्ष भी श्रावणी मेला के दौरान बासुकीनाथ धाम आने वाले श्रद्धालुओं को कोई कठिनाई नहीं होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी के सहयोग से इस वर्ष भी राजकीय श्रावणी मेला 2025 का आयोजन बेहतर होगी, जिससे लाखों की तादाद में यहां आने वाले श्रद्धालु एक बेहतर अनुभूति के साथ वापस जाएंगे। उन्होंने कहा कि श्रावणी मेला के दौरान आवश्यकता के अनुसार चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति बासुकीनाथ में की जायेगी।

मंत्री ने उपस्थित अधिकारियों को 5 जुलाई तक सभी कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश देते हुए कहा कि 11 जुलाई को किसी भी स्तर पर कोई कमी नहीं रहे इसे सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि बाबा की सेवा भक्तों की सेवा में निहित है। उन्होंने अधिकारियों को संदेश देते हुए कहा कि वे बाबा के भक्तों की सेवा कर लें। बाबा की पूजा का फल प्राप्त हो जाएगा। बैठक में उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने पीपीटी के माध्यम से बासुकीनाथ में राजकीय श्रावणी मेला 2025 के दौरान श्रद्धालुओं के लिए की गयी व्यवस्था, विधि व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों से अवगत कराया। इससे पहले मंत्री ने रूट लाइन का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने उन्हें रूट लाइन की व्यवस्था सहित श्रद्धालुओं के मंदिर में प्रवेश एवं निकास, शिवगंगा में सुरक्षा के दृष्टिकोण से की जाने वाली व्यवस्थाओं से अवगत कराया। बैठक में पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खैरवार, उप विकास आयुक्त रवि जैन, अनुमंडल पदाधिकारी कौशल कुमार के साथ विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

अफीम तस्करों के खिलाफ चतरा पुलिस की लगातार दूसरी बड़ी कार्रवाई

## पत्थलगड्डा अफीम कांड का मुख्य सरगना रौशन गिरफ्तार

### मुख्य सरगना की सहयोगी महिला रूबी देवी भी गिरफ्तार

### ब्राउन शुगर, अफीम ,नगद पैसे और ब्राउन सुगर बनाने की मशीन बरामद

मेट्रो रेज संवाददाता

**चतराः** चतरा पुलिस अफीम तस्करों के खिलाफ एक्शन के मूड में दिख रही है। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में 48 घंटे के अंदर हुई दूसरी बड़ी कार्रवाई में पत्थगड़ा अफीम तस्करी के मास्टरमाइंड रौशन दांगी उर्फ भागीरथी को गिरफ्तार कर लिया गया है। रौशन दांगी की निशानदेही पर चतरा पुलिस ने राजपुर थाना क्षेत्र की बूढ़ीगड़ा गांव की एक महिला रूबी देवी के घर पर कार्रवाई कर लगभग डेढ़ करोड़ रु मूल्य का अफीम और ब्राउन सुगर बरामद किया है। पुलिस ने महिला रूबी कुमारी को भी गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार महिला मास्टरमाइंड की रिश्तेदार है। समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि 12 जून को पत्थलगड्डा थाना क्षेत्र में कार्रवाई कर 10 करोड़ रु मूल्य का अफीम और ब्राउन सुगर के साथ 23 लाख रु बरामद किया गया था। उस वक्त मास्टरमाइंड



रौशन दांगी उर्फ भागीरथी भागने में सफल रहा था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी करते हुए रौशन दांगी को गिरफ्तार किया गया। तत्पश्चात उसकी निशानदेही पर छापामारी करते हुए उसकी एक रिश्तेदार रूबी देवी को गिरफ्तार किया गया है। रूबी देवी के यहां से 287 ग्राम ब्राउन शुगर,11 किलो 172 ग्राम अफीम और 44 लाख 57 हजार 350 रु नगद बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बरामद अफीम और ब्राउन सुगर की कीमत डेढ़ करोड़ रु है। उन्होंने बताया कि ब्राउन सुगर बनाने में काम आनेवाला लोहे का संरचना भी बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तस्कर रौशन दांगी 2021- 22 में एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल जा चुका है। पुलिस अधीक्षक श्री अग्रवाल ने बताया कि रौशन दांगी के तार झारखंड के अलावा अन्य राज्यों से भी जुड़े हैं। पुलिस इसकी जांच कर रही है। कहा कि आगे भी कुछ और बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है। उन्होंने अफीम तस्करों को चेतावनी देते हुए कहा कि यहां के नौजवानों को बर्बाद न करें और अफीम की तस्करी छोड़ दें। नहीं तो पुलिस किसी भी कीमत पर उन्हें बख्शेगी नहीं। छापामारी दल मे सिमरिया एसडीपीओ शुभम खंडेलवाल,चतरा एसडीपीओ संदीप सुमन, परिक्षयमान डीएसपी वसीम रजा,पत्थलगड्डा थाना प्रभारी राकेश कुमार,सिमरिया अंचल निरीक्षक अनिल उरांव,इटखोरी थाना प्रभारी अभिषेक सिंह,राजपुर थाना प्रभारी संदीप कुमार,गिद्धौर थाना प्रभारी कुमार गौतम समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

## चलती ट्रेन से पति ने पत्नी को दिया था धक्का, आरोपी गिरफ्तार

**पलामूः** चलती ट्रेन से गिरकर हुई 24 वर्षीय महिला यात्री की मौत कोई दुर्घटना नहीं थी, बल्कि उसके पति ने उसकी हत्या की थी। एक पुलिस अधिकारी ने बीते शुक्रवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि हत्या के आरोपी पति की पहचान महादेव सिंह के रूप में हुई है, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। चंदवा थाना प्रभारी रणधीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने लातेहार जिले के टोरी-चेतर स्टेशन के पास जूही देवी का शव बरामद किया। उन्होंने बताया कि महादेव ने अपने गृह जिले गढ़वा के धुरकी थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई थी और दावा किया था कि उसकी पत्नी दुर्घटनावश ट्रेन से गिर गई थी।

सिंह के मुताबिक, राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने मामला जिला पुलिस को सौंप दिया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान महादेव ने स्वीकार किया कि उसने अपनी पत्नी को चलती ट्रेन से धक्का दे दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई। सिंह के अनुसार, महादेव ने पुलिस को बताया कि हत्या का कारण पारिवारिक विवाद था। उन्होंने बताया कि स्थानीय अदालत ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## पुलिस ने अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर किये जब्त

**चतरा :** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के निलांजन नदी से शुक्रवार की अहले सुबह अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर को पुलिस ने जब्त कर लिया।पुलिस अवैध बालू उठाव करने वालों पर लगातार कार्रवाई कर रही है जिससे बालू तस्करों में हड़कंप मचा है। पुलिस बालू लदे दोनों ट्रैक्टरो को जब्त कर थाना ले आयी है । जब्त ट्रैक्टर में मैसी फर्ग्यूसन लाल रंग वही दूसरी पावरट्रैक ब्लू रंग का है। सूत्रों के अनुसार बताया जाता है कि थाना प्रभारी को सूचना मिली थी कि दोनों ट्रैक्टर बालु का अवैध रूप से परिवहन कर रहे थे। थाना प्रभारी ने इसी दौरान अवैध बालू लदे दोनो ट्रैक्टरों को नदी से जब्त कर लिया। थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने दोनों बालू लदे ट्रैक्टर पर कार्रवाई के लिए अंचलाधिकारी को कानुनी करवाई हेतु लिखित आवेदन किया है।ताकि नियम संगत कार्रवाई की जा सके।

## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का एकदिवसीय कोयलांचल दौरा

मेट्रो रेज संवाददाता

**खलारी :** रांची सांसद सह केन्द्रीय रक्षाराज्य मंत्री संजय सेठ व कांके के पूर्व विधायक समरीलाल शुक्रवार को कोयलांचल क्षेत्र का दौरा किया शुरूआत पुरानीराय निर्मल महतो चौक डुंडु से हुई,जहां खलारी भाजपा मंडल के कार्यकताओं ने संजय सेठ और समरीलाल को फूलों की माला पहनाकर भव्यस्वागत किया इसके बाद राय चौक से जनसंपर्क किया गया राय रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं की कमी को लेकर स्थानीय नेता ग्रामीण और जनप्रतिनिधियों ने फुट ओवर ब्रिजनिर्माण,टाट-जम्मूतवी एक्सप्रेस व इंटरसिटी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग रखी राय पंचायत की मुखिया शीला देवी ने मंत्री को ज्ञापनसौपा,जिसमें स्टेशन पर मूलभूत नागरिक सुविधाओं की मांग की गई। इस दौरान विभिन्नस्थलों पर जनसंपर्क कर सीधे आमजन से



संवाद किया और क्षेत्रीय समस्याओं से

अवगत हुए। मंत्री ने इन विषयों को रेल मंत्रालय के समक्ष रखने का आश्वासन दिया इसके बाद मंत्री संजय सेठ ने अन्य ग्रामीण इलाकों का दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात की इसके बाद डकरा वीआईपी क्लब में जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता ग्रामीणों के बीच एक बैठक भी हुई जिसमें क्षेत्र की आम समस्या को को लेकर मांग रखी गई जिसमे स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली,सड़क जर्जर स्थिति, पेयजल संकट, और विस्थापितों की समस्याएं सुनीं इस दौरान संजय सेठ ने कहा कि कोयलांचल की समस्या को मंत्री परिषद में उठाकर इसके समाधान की दिशा में ठोस पहल करने का काम करेगे केंद् सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अनील गझू, महामंत्री कार्तिक पाडेय,प्रीतम साहु, फुलेश्वर महतो,श्याम सिंह, अरविंद सिंह, विकास दुबे, भरत रजक, आनंद झा जितेंद्र पांडे, रामेश्वर महतो,राजू गुपतषा, गणेश महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में लंबित वादों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित

मेट्रो रेज संवाददाता

**चतरा :** समाहरणालय सभा कक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय, विभिन्न आयोगों तथा लोकायुक्त में लंबित वादों की विस्तृत समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के पदाधिकारियों से मामलों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई तथा उनके शीघ्र निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक में उपायुक्त कीर्तिश्री ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित वादों की समयबद्ध ढंग से प्रतिवेदन प्रस्तुत करें एवं अदालती आदेशों का त्वरित अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विभागीय शिथिलता के कारण न्यायालय में सरकार की छवि प्रभावित होती है, अतः सभी संबंधित अधिकारी उत्तरदायित्व




का निर्वहन गंभीरता से करें।

बैठक के दौरान वादों की अद्यतन स्थिति, विभागीय जवाब दाखिल करने की प्रक्रिया, अदालती समयसीमा तथा वादों के त्वरित निष्पादन हेतु अपनाए जाने वाले उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, डीआरडीए निदेशक अलका कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह,जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनिंदर भगत, जिला परिवहन पदाधिकारी इन्द्र कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी शिशिर पंडित, जिला शिक्षा अधीक्षक रामजी कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्रा, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## हजारीबाग में टीएसपीसी के 'एरिया कमांडर' सहित 5 नक्सली गिरफ्तार

### अमेरिकन राइफल और अन्य खतरनाक हथियार बरामद

मेट्रो रेज संवाददाता

**हजारीबागः** जिले में प्रतिबंधित तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति समिति (टीएसपीसी) के एक एरिया कमांडर' समेत पांच नक्सलियों को गिरफ्तार कर उनके पास से हथियार और गोलाबारूद जब्त किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बताया गया कि टीएसपीसी के सात-आठ नक्सली तरहेसा जंगल में हथियार लेकर किसी अपराध को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। इस पर पुलिस अधीक्षक (एसपी) अंजनी अंजन ने




बृहस्पतिवार रात उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने के लिए अनुमंडल पुलिस अधिकारी (सदर) अमित कुमार आनंद के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया। एसपी ने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान एक एरिया कमांडर समेत पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से हथियार एवं गोला-बारूद बरामद किया गया। एसपी के मुताबिक, गिरफ्तार नक्सलियों की पहचान अवधेश कुमार उर्फ ??प्रशांत जी (पलामू), आदित्य गंजू, देवेन गंजू, धरम गंजू (चतरा) और रूपलाल गंजू (हजारीबाग) के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इन नक्सलियों के पास से एक एआर 15 एम-4 अमेरिकन कार्बाइन राइफल, एक एआर 15 एम-4 कार्बाइन मैगजीन, एक 7.62 एमएम बोर पिस्तौल, एक 7.62 एमएम बोर मैगजीन, विभिन्न बोर के 28 राउंड जिंदा कारतूस और नौ मोबाइल फोन जब्त किए।

मंईयां सम्मान योजना

# अब तक नहीं हुआ है मई और जून माह की बकाया किस्त का भुगतान

## बकाया किस्त को लेकर विभाग तैयारियों में जुटा



संवाददाता

**रांचीः** महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रुप से सशक्त बनाने के मामले में झारखंड को अलग पहचान दिलाने वाली मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना एक बार फिर चर्चा में है। क्योंकि मई और जून माह की बकाया किस्त का भुगतान अबतक नहीं हो पाया है।

अब सवाल है कि जब मई माह में ही महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग ने जिला कोषांगों को 9,609 करोड़ रु जारी कर दिए थे तो फिर लाभुकों के खाते में बकाया दो माह की किस्त क्यों नहीं जारी हो रही है। जबकि नियमावली के मुताबिक हर माह की 15 तारीख तक लाभुकों के खाते में पैसे ट्रांसफर करने का प्रावधान है।

**राशि जारी होने में क्यों हो रहा विलंबः** मिली जानकारी के मुताबिक सामाजिक सुरक्षा विभाग के सभी जिला कोषांग राशि ट्रांसफर करने के लिए तैयार हैं। उन्हें सिर्फ विभागीय स्तर पर ग्रीन सिग्नल मिलने भर की देरी है। विलंब का एक और कारण है 'सामाजिक सुरक्षा निदेशालय में निदेशक' का पद रिक्त होना। क्योंकि पिछले दिनों निदेशक समीरा एस का ट्रांसफर हो चुका है। उनको पलामू का डीसी बनाया गया है। लेकिन अभी तक उनकी जगह किसी की भी पोस्टिंग नहीं हुई है। लिहाजा, निदेशक की पोस्टिंग होते ही मंईयां सम्मान योजना की किस्त ट्रांफसर होने की उम्मीद है। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इस बार मई और जून माह के किस्त के तौर पर लाभुकों के खाते में 5,000 रु ट्रांसफर किए जाएंगे या सिर्फ एक माह की राशि मिलेगी।

**राशि जारी होने का डेडलाइन हमेशा होता रहा है फेलः** खास बात है कि मई माह की किस्त जारी करने की प्रक्रिया 30 मई को शुरू हुई थी। इससे साफ है कि ज्यादातर समय राशि जारी करने का डेडलाइन फेल हुआ है। इसबार भी 15 जून तक राशि ट्रांसफर होने की कोई संभावना नहीं दिख रही है। वैसे लाभुकों को भरोसा है कि देर-सबेर ही सही लेकिन बकाया राशि का भुगतान जरुर होगा।

**मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लेखा-जोखाः** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की शुरूआत जुलाई 2024 में हुई थी तब लाभुकों को 1,000 रु प्रति माह दिए जाते थे। लेकिन विधानसभा चुनाव से ठीक पहले सरकार ने घोषणा कर दी थी कि चुनाव बाद लाभुकों को एक हजार रु की जगह 2,500 रु। प्रति माह मिलेंगे। इसपर अमल करते हुए सीएम हेमंत सोरेन ने 6 जून को 56 लाख 61 हजार 791 लाभुकों के खाते में 2,500 रु। की पहली किस्त जारी की थी। इसी दौरान पता चला कि बड़ी संख्या में फर्जी लाभुक पैसे उठा रहे हैं। तब फिजिकल वेरिफिकेशन और बैंक खातों की आधार सीडिंग पर जोर दिया गया। ऐसा करते ही बड़ी संख्या में फर्जी लाभुक आउट हो गये।

इसके बाद होली के ठीक पहले 37.55 लाख लाभुकों के खाते में जनवरी, फरवरी और मार्च माह की किस्त के तौर पर 7,500 रु प्रति लाभुक को भेजे गये। यह ऐसी सौगात थी जिसको लाभुकों ने उत्सव के रुप में सेलिब्रेट किया। वहीं बड़ी संख्या में लाभुकों का नाम कटने पर शोर शराबा भी हुआ। लिहाजा, बैंक खातों की जांच के बाद 5.52 लाख अतिरिक्त लाभुकों को भी तीन माह की किस्त दी गई। इस लिहाज से लाभुकों की कुल संख्या 43 लाख से ज्यादा थी। बाद में मई माह के आखिरी दिनों में अप्रैल माह की भी किस्त जारी कर दी गई।

आईएमडी ने जारी किया अपडेट

# दक्षिणी-पश्चिम मानसून के 18 जून के आसपास पहुंचने की संभावना



संवाददाता

**रांचीः** झारखंड में मौसम की कहर और गर्मी से लोग परेशान है। राज्य के लोगों को 15 जून के बाद गर्मी और उमस से राहत मिलने की संभावना है। राज्य में दक्षिणी-पश्चिम मानसून के 18 जून के आसपास पहुंचने की संभावना है। इसके पूर्व राज्य भर में प्रचंड गर्मी और उमस रहेगा। हालांकि इस दौरान राज्य के विभिन्न इलाकों में छिटफुट बारिश हो सकती है। इससे तापमान में कमी आएगी और गर्मी से राहत मिलेगी।

मौसम विभाग की ओर से बताया गया कि 15 से 18 जून तक झारखंड के विभिन्न जिलों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। इसके अलावा 14 जून को राज्य के कई हिस्सों में गर्जन, आकाशीय बिजली गिरने और 40-50 किमी की गति से तेज हवा चलने की आशंका है।

बता दें कि बीते शुक्रवार राज्य में सबसे अधिक अधिकतम तापमान डालटेनगंज में 40.1 डिग्री और सबसे कम न्यूनतम तापमान लातेहार में 22.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं रांची में अधिकतम तापमान 34 डिग्री, जमशेदपुर में 35.8, बोकारो में 36.5 और चाईबासा में तापमान 35.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# पत्रकार संतोष चौधरी वैल्लोर में हुए भीषण सड़क दुर्घटना में घायल

मेट्रो रेज

**रांचीः** पत्रकार संतोष चौधरी वैल्लोर में भीषण दुर्घटना के शिकार हो गए। घटना के वक़्त संतोष चौधरी, उनकी मां और उनकी पत्नी साथ थी। इस घटना में संतोष चौधरी की मां की मौके पर मौत हो गयी। जबकि, संतोष चौधरी और उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल है। फिलहाल दोनों को इलाज सीएमसी अस्पताल में चल रहा है। दुर्घटना में पत्रकार संतोष चौधरी के ब्रेन की हड्डी टूटी है। वहीं, उनकी पत्नी के हांथ टूटने की सूचना है।

**परिजन वेल्लोर के लिए रवाना**

इस घटना की सूचना मिलने के बाद राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ ने राज्य स्वास्थ्य मंत्री से बातचीत कर बेहतर इलाज उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। रांची से संतोष चौधरी के परिजन वेल्लोर के लिए रवाना हो चुके है।

# एक्वा वर्ल्ड में डांस रांची डांस प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले आज




मेट्रो रेज

**रांचीः** एक्वा वर्ल्ड द्वारा पिछले 6 शनिवार से डांस प्रतियोगिता के एलिमिनेशन राउंड का आयोजन किया जा रहा था। एक्वा वर्ल्ड के कार्यकारी निदेशक लोकेश कुमार ने बताया कि अब इसी डांस रांची डांस प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले शनिवार 14 जून, 2025 को शाम 5:30 बजे से आयोजित किया जाएगा। पूरी डांस श्रृंखला का संयोजन दीपांजलि ग्रुप के विपुल नायक और देव ज्योति नाहा (डीजे सर) ने किया है

एक्वा वर्ल्ड में आयोजित किये जा रहे समर हॉलीडे श्रृंखला के तहत अंतिम कार्यक्रम रविवार,15 जून को शाम 5:30 बजे से 'फादर्स डे स्पेशल' होगा।

# श्री हेमकुंड साहिब जी की यात्रा से रांची लौटा 170 श्रद्धालुओं का जत्था



संवाददाता

**रांचीः** गुरुनानक सेवक जत्था की अगुवाई में कृष्णा नगर कॉलोनी रातू रोड से रवाना हुआ 170 श्रद्धालुओं का जत्था श्री हेमकुंड साहिब जी की यात्रा कर शुक्रवार को वापस रांची पहुंचा। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा रामगढ़ कमेटी के मीत प्रधान अमरजीत सिंह, यश छाबड़ा और चंडोक सिंह ने बरकाकाना रेलवे स्टेशन पर जत्था के सदस्यों का स्वागत किया। यह जानकारी सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने दी। जत्था की अगुवाई मनीष मिढ़ा, सूरज झंडई, करण अरोड़ा और पंकज मिढ़ा ने किया।

गुरुनानक सेवक जत्था में जगदीश मुंजाल, पवनजीत सिंह खत्री, आशु मिढ़ा, कमल मुंजाल, नवीन मिढ़ा, गोल्डी मिढ़ा, गगन गिरधर, ईशान काठपाल, प्रवीण मुंजाल, विनीत खत्री, कुणाल चूचरा, पीयूष मिढ़ा, चंदन गिरधर, कौशिक अरोड़ा, भरत गाबा, नीरज किंगर, मिट्ठू बजाज, छोटू सिंह, जतिन मिढ़ा, अमन डावरा, चंदन मुंजाल, नीरज सरदाना, उमेश मुंजाल, रमेश तेहरी, सागर थरेजा, सोनू मिढ़ा, दिनेश गाबा, राम जी, कबीर मुंजाल, गर्व सुखीजा, ध्रुव अरोड़ा, साहिब सिंह खत्री व अन्य शामिल थे।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए मंडल रेल प्रबन्धक/सं.व.दू.उ.प.रे., जोधपुर द्वारा निम्न लिखित सिगनलिंग एवं टेलीकॉम सम्बन्धी कार्य हेतु मुहरबंद ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **ई–निविदा सूचना सं. एसएण्डटी–जेयू-03-2025-26. कार्य का नामः** उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल पर PIH-RTGH सेक्शन में आरओबी के निर्माण के कारण एलसी–14ए की शिफ्टिंग और पुनः स्थापना के संबंध में एसएंडटी कार्य। **कार्य की अनुमानित लागतः ₹30,92,296/-, ई–निविदा जमाकर्ता कार्यालय का पूर्ण पताः** वरि. मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजी. मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय हरीश जोशी मार्ग जोधपुर। **बयाना राशि (Bid Security): ₹61,900/-, ई–निविदा प्रपत्र जमा कराने एवं खुलने की तारीख व समयः 04.07.2025 को 11.00 बजे** तक। तथा ई टेंडर ऑन लाईन आई आर ई पी एस **11.00 बजे** बन्द होने के तुरन्त बाद खोली जायेगी। वैबसाईट विवरण एवं नोटिस बोर्ड व कार्यालय जहाँ से टेण्डर का विवरण देखा जा सकें एवं खरीद की जा सकें: **www.ireps.gov.in. नोटः** यह एक ई–टेण्डर है इसलिए इसमें भाग लेने के लिए ठेकेदार ई–टेण्डरिंग के द्वारा उल्लेखित वैब साईट पर टेण्डर डालें।

677-PM/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

# रांची में रथयात्रा मेला की तैयारियां शुरू, आरएस इंटर प्राइजेज, मिदनापुर को मिला टेंडर और सुरक्षा का जिम्मा

संवाददाता

**रांचीः** राजधानी रांची के धुर्वा स्थित जगन्नाथपुर मंदिर में आयोजित होनेवाले रथयात्रा मेला की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इसी कड़ी में मेला की व्यवस्था और सुरक्षा के लिए शुक्रवार को जगन्नाथपुर थाना परिसर में निविदा निकाली गयी। इसमें सबसे अधिक बोली लगाने वाले आरएस इंटर प्राइजेज, मिदनापुर को टेंडर दिया गया।

**रथयात्रा मेला की सुरक्षा और व्यवस्था के लिए टेंडर दिया गयाः** बताया जा रहा है कि आरएस इंटर प्राइजेज एजेंसी के संचालक राजेश चंद्रा की ओर से 51 लाख 51 हजार की बोली लगायी गयी। इस बार सात एजेंसियों ने निविदा डाली थी। जानकारी के अनुसार, इस साल पिछले साल के मुकाबले कम बोली लगी है, जो चर्चा का विषय बना हुआ है। ट्रस्ट के सदस्यों ने भी कम बोली लगाये जाने के सवाल पर कहा कम बोली क्यों लगी है, यह समझ नहीं आ रहा है।

ट्रस्ट के सदस्यों ने बताया कि इस साल हमने कंपनियों के लिए कई शर्तें रखी हैं। जैसे- छोटे-छोटे दुकानदारों से कम पैसे लेने के लिए कहा गया है। वहीं, परंपरागत उत्पाद बेचने वाले छोटे दुकानदारों और चटाई-दरी बिछाकर दुकान आदि लगाने वालों से भी कम राशि लेने के लिए कहा गया है। सदस्यों ने कहा कि कम बोली लगने का यह भी एक कारण हो सकता है। इस बार ट्रस्ट की ओर से मेले के लिए निविदा की राशि 31 लाख रुपये रखी गयी थी।

**पिछले साल की तुलना में कम लगी बोलीः** मालूम हो कि साल 2024 में एक करोड़ 92 लाख रुपये की बोली लगी थी। वहीं, वर्ष 2023 में 75 लाख रुपये की बोली लगायी गयी थी। निविदा खुलने के दौरा एलआरडीसी मुकेश कुमार, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार, अशोक नारसरिया, डॉ सुभाष तेतरवे, डॉ अनिल कुमार मिश्रा, ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव सहित अन्य उपस्थित थे।

समाहरणालय, खूँटी
(समेकित जनजाति विकास अभिकरण)

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा संख्या– 06/2025–26

खूँटी जिलान्तर्गत एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में उपयोग के लिए बेड, ड्युल डेस्क, कुर्सी, टेबल, अलमीरा, व्हाईट बोर्ड, ग्रीन बोर्ड, प्रिंटर, जेरोक्स मशीन, कम्प्यूटर एवं अन्य सामग्रियों की आपूर्ति करने हेतु अधिकृत विक्रेताओं से दिनांक 20.06.2025 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक मुहरबन्द निविदा जिला कल्याण पदाधिकारी, खूँटी के पदनाम से आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता विहित प्रपत्र में अपना निविदा जिला कल्याण कार्यालय, खूँटी में निर्धारित अवधि तक जमा कर सकते हैं। दिनांक 20.06.2025 के अपराह्न 3.00 बजे परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, खूँटी (ITDA) के कार्यालय कक्ष (समाहरणालय भवन, खूँटी, "ए" ब्लॉक, कमरा नं0 – 01) में निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में जिला क्रय समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी जिसमें नमूना एवं संबंधित कागजातों के साथ वे उपस्थित रह सकते हैं। आपूर्ति संबंधित सामग्रियों की विवरणी एवं निविदा की शर्त्ते खूँटी जिला के अधिकारिक वेबसाइट www.khunti.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0, खूँटी

PR 354906 District(25-26)#D

इनलैंड फिशरीज एंड एक्वाकल्चर मीट में शामिल हुए मत्स्य विभाग के सचिव व निदेशक

# प्रगतिशील मत्स्य कृषक कलेश नायक के रिजर्वायर केज कल्चर का स्टॉल बना आकर्षण का केंद्र

**अन्य राज्य भी अपना रहे झारखंड में मत्स्य पालन की तकनीक : अबु बकर सिद्दीक पी, केज कल्चर से मत्स्य पालन में झारखंड की उत्कृष्ट उपलब्धि : डॉ.एचएन द्विवेदी**



मेट्रो रेज

**रांची/इंदौरः** झारखंड सरकार के मत्स्य पालन विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीख पी. और मत्स्य निदेशालय के निदेशक डॉ.एचएन द्विवेदी इंदौर में आयोजित इनलैंड फिशरीज एंड एक्वाकल्चर मीट में शामिल हुए। मत्स्य कृषकों के इस सम्मेलन में झारखंड के प्रगतिशील मत्स्य कृषक कलेश नायक द्वारा रिजर्वायर केज कल्चर से मत्स्य पालन की विधि और आधुनिकतम तकनीक से संबंधित स्टॉल आकर्षण का केंद्र बना रहा।

मौके पर विभागीय सचिव अबू बकर सिद्धीख पी. ने कहा कि झारखंड के मत्स्य कृषकों द्वारा मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में किए जा रहे आधुनिकतम तकनीकों का प्रयोग का अनुकरण अन्य राज्य भी कर रहे हैं। यह झारखंड के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि झारखंड मछली पालन के क्षेत्र में नित नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। मत्स्य उत्पादन में संतोषप्रद उपलब्धि हो रही है। जल्द ही झारखंड मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो जाएगा।

वहीं, मत्स्य निदेशालय के निदेशक डॉ. एचएन द्विवेदी ने कहा कि झारखंड में केज कल्चर से मत्स्य पालन की विधि और तकनीक को अन्य राज्य भी अपना रहे हैं। यहां के मत्स्य कृषकों द्वारा केज कल्चर से मत्स्य उत्पादन में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की जा रही है।

विशेषकर झारखंड के ग्रामीण इलाकों में मत्स्य पालन रोजगार का एक सशक्त जरिया बन गया है। मछली का उत्पादन पूर्व की तुलना में अधिक हो रहा है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी मजबूत हो रही है। झारखंड मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रहा है। इस अवसर पर मत्स्य निदेशालय, झारखंड के संयुक्त मत्स्य निदेशक अमरेंद्र कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

इस संबंध में मत्स्य किसान प्रशिक्षण केंद्र, शालीमार, धुर्वा के मुख्य अनुदेशक प्रशांत कुमार दीपक ने बताया कि यह आयोजन नवाचार, सहभागिता और स्थायी मत्स्य विकास पर केंद्रित सार्थक संवाद की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। देशभर से नीति निमार्ता, विशेषज्ञ और मत्स्यपालक एक मंच पर जुटकर नीली क्रांति को नई गति और दिशा देने के लिए तैयार किया गया हैं। मछली उत्पादन, उत्पादकता वृद्धि, बीज की गुणवत्ता एवं जलाशय में केज कल्चर के द्वारा मत्स्य पालन पर विचार का मुख्य बिंदु रहा। यह आयोजन नीली क्रांति को नई दिशा और गति देने के लिए समर्पित रहा।

कार्यालय, नगर पंचायत, बुण्डू (राँची)
Email Id- nagarpanchayatbundu@gmail.com

अति अल्पकालीन दर आमंत्रण सूचना संख्या – 04/25-26

कार्यालय का नाम – नगर पंचायत ,बुंडू
विज्ञापनदाता का पदनाम – कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, बुंडू, (रांची)
कोटेशन प्राप्ति की तिथि – दिनांक 23.06.2025 को 2:00 बजे अपराहन
कोटेशन खोलने की तिथि – दिनांक 24.06.2025 को 3:00 बजे अपराहन

कार्य की विवरणी

| S. N. | Particulars | Tender Fee | Rate OF Single Item |
|---|---|---|---|
| 01 | Water Tanker having 1500 Ltrs. Capacity fabricated 10 gauges sheet suitable to be attached a tractor along with single axle fitted with 2 nos. new 7.50x16 nylon tyres, antirust paint beam axle with rear valve, Top cover and ladder. | 5000.00 | |
| 02 | Water Tanker having 3000 Ltrs. Capacity fabricated 10 gauges sheet suitable to be attached a tractor along with single axle fitted with 2 nos. new 8.25x16 nylon tyres, antirust paint beam axle with 01 No. 1" brass valve and proper sprinkler system at rear, 01 No. manhole with cover and ladder with proper drain system with lock. The water tanker have also spraying system with 30 feet hose reel fitted with spraying gun.. | 5000.00 | |
| 03 | Portable thermal fogging machine fitted on push button electric/Pump start having fogging capacity of 25-35 liters per hour, solution tank capacity 4.6 ltrs., fuel tank capacity of 1.3 ltrs. fuel consumption is 1.5 ltrs./hr. along with standard accessories. | 1000.00 | |
| 04 | Portable thermal fogging machine fitted on **TVS XL100 BSVI** motorcycle with push button electric/Pump start having fogging capacity of 25-35 liters per hour, solution tank capacity 4.6 ltrs., fuel tank capacity of 1.3 ltrs. fuel consumption is 1.5 ltrs./hr. along with standard accessories. | 5000.00 | |
| 05 | Hydraulic Trailer having dimension 10'X06'X1.5' having floor sheet thickness of 10 gauge and side wall sheet thickness of 12 gauge attachable to a tractor. | 5000.00 | |
| 06 | Backhoe Loader Small Bucket | 1000.00 | |

नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट/विभागीय Website www.udhd.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, बुण्डू

PR 354995 Urban Development (25-26)_D

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## हृदय विदारक हादसा

गुजरात स्थित अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास एयर इंडिया के विमान की भयावह दुर्घटना ने पूरे देश को दुख और गम में डुबो दिया। हाल के वर्षों में हुई यह बड़ी दुखद दुर्घटना हवाई यात्रा से जुड़े जोखिमों पर नये सिरे से गंभीर मंथन की जरूरत को बताती है। निश्चित रूप से यह हादसा नागरिक उड्डयन के लिये भी एक बड़ा झटका है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में शामिल है। आज भारत दुनिया के अग्रणी विमानन बाजारों में शुमार है। विडंबना यह है कि अभी दो महीने पहले ही नई दिल्ली में विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो यानी एएआईबी में अत्याधुनिक डिजिटल फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर प्रयोगशाला का उद्घाटन किया गया था। करीब नौ करोड़ रुपये की लागत से बनी इस प्रयोगशाला को केंद्र सरकार ने विमानन सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया था। जिसका मकसद हवाई दुर्घटनाओं की पहचान करना और जवाबदेही सुनिश्चित करना था। ताकि सुरक्षा उपायों को लेकर जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिये तंत्र में सुधार किया जा सके। अब विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो को गुरुवार को बोइंग 787 ड्रीमलाइनर के दुर्घटनाग्रस्त होने की जांच का काम सौंपा गया है। एएआईबी के पास अब यह पता लगाने की जिम्मेदारी होगी कि गुरुवार को हुई दुर्घटना के असल कारण क्या थे। बल्कि निकट भविष्य में हवाई यात्राओं को सुरक्षित बनाने के लिए भी सुझाव दिए जा सकेंगे। इसके अंतर्गत ब्यूरो बोइंग के सुरक्षा रिकॉर्ड और परिचालन निरीक्षण की भी गहराई से जांच करेगा। निश्चित रूप से परिचालन प्रक्रिया कड़ी जांच के दायरे में होगी। उल्लेखनीय है कि तकनीकी खामियों के चलते बोइंग के कई अन्य 787 ड्रीमलाइनरों की सुरक्षा प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाये जाते रहे हैं। हाल के वर्षों में कई व्हिसल ब्लोअर्स ने 787 ड्रीमलाइनर के सुरक्षा उपायों को लेकर गंभीर चिंताए जताई थीं। जिसके बाद यूएस फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन यानी एफएए ने ड्रीमलाइनर विमान के उत्पादन और असेंबली प्रक्रियाओं की गहन जांच की थी।

उल्लेखनीय है कि बोइंग की सुविधाओं के एफएए द्वारा ऑडिट करने पर निर्माण की प्रक्रिया में अनियमितताओं और कंपनी की सुरक्षा संस्कृति में खामियों का पता चला था। बल्कि व्हिसल ब्लोअर्स ने तो यहां तक भी आरोप लगाए थे कि बोइंग की कार्यप्रणाली में खामियों को उजागर करने के लिए उन्हें बदले की कार्रवाई का सामना भी करना पड़ा था। उल्लेखनीय है कि रिपब्लिक एयरवेज के सीईओ ब्रायन बेडफोर्ड, जिन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा एफएए का प्रमुख नियुक्त किया गया है, ने बुधवार को कहा था कि वर्ष 2018 और 2019 में दो बोइंग 737 मैक्स दुर्घटनाओं से जुड़ी एक प्रमुख सुरक्षा प्रणाली की विफलता के बारे में कुछ वास्तविक व गंभीर सबक सीखे गए हैं, जिसमें 346 लोगों की मृत्यु हो गई थी। निश्चित रूप से अहमदाबाद विमान हादसे के बाद भारतीय अधिकारियों को अपने अमेरिकी समकक्षों के साथ गंभीर विमर्श करना चाहिए। उससे मिले इनपुट गुजरात दुर्घटना की गहन जांच करने में सहायक साबित हो सकते हैं। बहरहाल, अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट एआई 171 के हादसे ने सैकड़ों परिवारों को गहरे जख्म दे दिए हैं। हादसे में दो सौ से अधिक लोगों के मरने की पुष्टि हो चुकी है, वहीं एक व्यक्ति के जीवित बचने को कुदरत का करिश्मा माना जा रहा है। दूसरी ओर रिहाइशी इलाके में विमान के गिरने से हुई क्षति भी दुखद है। पुलिस द्वारा चालीस लोगों के अस्पताल में उपचाराधीन होने की बात भी कही जा रही है। कहना कठिन है कि यह कैसी स्थिति है कि एक मेडिकल कालेज के पास हुई इस दुर्घटना में घायलों को तुरंत उपचार देना संभव हो पाया है। उल्लेखनीय है कि विमान मेडिकल कालेज के छात्रों के मैस पर गिरा। उस समय छात्र लंच कर रहे थे। जिसमें कई छात्र भी घायल हुए हैं। जिनमें कई की हालत गंभीर है। निश्चय ही यह विमान हादसा हवाई यात्राओं से जुड़ी चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की जरूरत को बताता है। हवाई हादसे के कारणों की हकीकत जांच के बाद सामने आएगी लेकिन यदि हवाई यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक हुई है, तो उसकी जवाबदेही तय करने की जरूरत है।

# अहमदाबाद में 'सपनों की उड़ान' से सुलगते सवाल

> इस विमान का बड़ा हिस्सा मेघानी नगर के मेडिकल छात्रावास पर भी गिरा। इससे वहा रह रहे छह छात्र भी मौत के मुंह में समा गए। यह युवा भविष्य में किसी की जान बचा सकते थे। दुर्भाग्य देखिए, उनकी अपनी जानें ही नहीं बच सकीं। किसी मोबाइल फोन की स्क्रीन पर शायद अभी भी ममता का 'मिस्ड कॉल' दिख रहा होगा। किसी के व्हाट्स ऐप पर अब भी 'लैंड करते ही मैसेज करना' लिखा होगा।

**प्रियंका सौरभ**

अहमदाबाद में 12 जून की सुबह आम दिनों की तरह सामान्य थी। किसी ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि आज की दोपहर रुलाने वाली होगी। एअर इंडिया की फ्लाइट ए1-171 लंदन के गैटविक एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरने कुछ ही सेकंड बाद क्रैश हो गई। यह हादसा सिर्फ अहमदाबाद को ही नहीं, पूरे राष्ट्र की आत्मा को झकझोर गया। इस विमान में 230 यात्री और 12 क्रू मेंबर थे। सभी की अपनी-अपनी कहानियां थीं। कोई पहली बार विदेश जा रहा था। किसी को बेटी की शादी में शामिल होना था। कोई नौकरी के लिए लंदन जा रहा था तो कोई अपने बेटे से मिलने। किसी ने शायद दरवाजा बंद करते समय पीछे मुड़कर देखा हो। मगर अधिकांश ने आखिरी बार कहा होगा-पहुंचकर फोन करना। लेकिन इसका मौका 'सपनों की उड़ान' भरने वालों को नहीं मिला। इस विमान का बड़ा हिस्सा मेघानी नगर के मेडिकल छात्रावास पर भी गिरा। इससे वहा रह रहे छह छात्र भी मौत के मुंह में समा गए। यह युवा भविष्य में किसी की जान बचा सकते थे। दुर्भाग्य देखिए, उनकी अपनी जानें ही नहीं बच सकीं। किसी मोबाइल फोन की स्क्रीन पर शायद अभी भी ममता का ह्यमिस्ड कॉलह्न दिख रहा होगा। किसी के व्हाट्स ऐप पर अब भी ₹लैंड करते ही मैसेज करना₹ लिखा होगा।



हादसे में मर जाना अलग बात है, लेकिन बिना अलविदा कहे दुनिया छोड़ जाना एक अकल्पनीय दुःख होता है। एअर इंडिया का यह ड्रीमलाइनर विमान आधुनिकतम सुरक्षा तकनीक से लैस था। ड्रीमलाइनर 787 को उड्डयन जगत में विश्वसनीय माना जाता है। फिर सवाल उठता है-कैसे हुआ ये हादसा? क्या विमान में पहले से कोई तकनीकी गड़बड़ी थी? क्या मेंटेनेंस में लापरवाही बरती गई? या फिर यह एक दुर्भाग्यपूर्ण संयोग है?

कैप्टन सुमीत सबरवाल इस विमान को उड़ा रहे थे। वे 8200 घंटे के उड़ान अनुभव वाले वरिष्ठ पायलट थे। उनके साथ सह-पायलट क्लाइव कुन्दर भी थे। उनके पास भी पर्याप्त उड़ान अनुभव था। कहते हैं कि दोनों ने आखिरी क्षण तक विमान को कंट्रोल करने की कोशिश की। ब्लैक बॉक्स से मिली रिकॉर्डिंग में कैप्टन की अंतिम आवाज 'मेडे कॉल' के रूप मे दर्ज है। प्रशासन ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू करने में देर नहीं की। खबर फैलते ही अस्पतालों के बाहर परिजनों की चीखें सुनाई देने लगीं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। हादसों के बाद हम अकसर संवेदनाएं प्रकट करते हैं। मोमबत्तियाँ जलाते हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट डालते हैं और फिर भूल जाते हैं। लेकिन इस बार कुछ बदलना होगा। कई परिवार ऐसे हैं जिनका एकमात्र कमाने वाला सदस्य इस हादसे में चला गया। कुछ ऐसे हैं जिनके तीन-तीन सदस्य एकसाथ उड़ान पर थे और अब उनकी कोई स्मृति शेष नहीं।

एक छह साल की बच्ची की तस्वीर वायरल हो रही है जो अपने दादा-दादी के साथ पहली बार विदेश जा रही थी। अब उसकी गुलाबी गुड़िया राख में मिली है। एक नवविवाहिता जो ससुराल के लिए रवाना हुई थी, अब ताबूत में लौटेगी। यह कहानियां तकलीफदेह हैं। इस हादसे के बाद हमें दो काम जरूर करने चाहिए। पहला-पीड़ित परिवारों को हर संभव सरकारी, कानूनी और मानसिक सहायता दी जाए। दूसरा-यह सुनिश्चित किया जाए कि भारत की कोई भी उड़ान हो, उसे उड़ने से पहले सौ बार जांचा जाए। एक शोक रचना याद आ रही है-₹जो उड़ने चले थे सितारे बन के, वो राख में अब निशान बन के रह गए।₹ यह दुर्घटना उन सभी यात्रियों को श्रद्धांजलि है जो सिर्फ मंज्ल की आशा लेकर चले थे और अब हमारी यादों का हिस्सा बन गए हैं। वे लौटकर नहीं आएंगे, लेकिन अगर हमने उनकी याद में सिस्टम को बेहतर बना दिया, तो शायद उनके जाने का कोई अर्थ रह जाएगा।

# केंद्र सरकार के उपक्रम बन रहे कमाऊ पूत

> केंद्र सरकार के उपक्रमों के साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक, जो भारत में एक स्वायत्त संस्था के रूप में कार्य करता है एवं इस पर केंद्र सरकार का नियंत्रण लगभग नहीं के बराबर रहता है, ने भी पूरे विश्व के कई बड़े केंद्रीय बैंकों के बीच सबसे अधिक राशि का लाभ अर्जित किया है। अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व को वर्ष 2024 में 7,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुकसान उठाना पड़ा है, इसी प्रकार ब्रिटेन के केंद्रीय बैंक, बैंक आफ इंग्लैंड को 4,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ है तथा यूरोपीयन यूनियन के केंद्रीय बैंक, ईसीबी को 900 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ है। वहीं, इन केंद्रीय बैंकों की तुलना में भारतीय रिजर्व बैंक को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 3,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर का लाभ हुआ है।

**प्रहलाद सबनानी**

आज से एक दशक से अधिक समय पूर्व तक केंद्र सरकार के उपक्रमों को चलायमान बनाए रखने के लिए केंद्रीय बजट में भारी भरकम राशि का प्रावधान करना पड़ता था तथा इन उपक्रमों को केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की जाती थी। परंतु, आज स्थिति एकदम बदल गई है एवं अब केंद्र सरकार के उपक्रम केंद्र सरकार को लाभांश के रूप में भारी भरकम राशि प्रदान कर रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में केंद्र सरकार के विभिन्न उपक्रमों ने 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित किया है।

केंद्र सरकार के उपक्रमों में यह आमूलचूल परिवर्तन केंद्र में ईमानदार सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा निगमित अभिशासन से सम्बंधित नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराए जाने के चलते ही सम्भव हो सका है। पूर्व में इन उपक्रमों में पनप रहे भ्रष्टाचार के चलते इन उपक्रमों की लाभप्रदता पर विपरीत प्रभाव पड़ता था परंतु अब उच्च स्तर पर भ्रष्टाचार पर लगभग पूर्णतः अंकुश लगाया जा चुका है। साथ ही, केंद्र सरकार के इन उपक्रमों को नेतृत्व प्रदान कर रहे अधिकारियों पर भी बहुत कुछ निर्भर करता रहा है। केंद्र सरकार के इन उपक्रमों में आज का नेतृत्व कुशल, ईमानदार एवं देश प्रथम की नीति पर चलने के साथ ही देश के प्रति सम्मान का भाव रखने वाला है।

वित्तीय वर्ष 2024 में केंद्र सरकार के विभिन्न उपक्रमों ने 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित किया है। प्रथम स्थान पर भारतीय स्टेट बैंक है, जिसने 67,085 करोड़ रुपए का लाभ अर्जित किया है। इसके बाद ओएनजीसी ने 49,221 करोड़ रुपए, आईओसी ने 41,730 करोड़ रुपए, भारतीय जीवन बीमा निगम ने 40,916 करोड़ रुपए, भारतीय कोयला निगम ने 37,402 करोड़ रुपए, बीपीसीएल ने 26,859 करोड़ रुपए, एनटीपीसी ने 20,812 करोड़ रुपए, बैंक आफ बड़ोदा ने 18,767 करोड़ रुपए, हिन्दुस्तान पेट्रोलीयम ने 16,015 करोड़ रुपए एवं पावर फाइनैन्स करपोरेशन ने 15,889 करोड़ रुपए की राशि का लाभ अर्जित किया है। इसके अतिरिक्त, पावर ग्रिड, कनारा बैंक, आरईसी लिमिटेड एवं यूनियन बैंक, ने 10,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित किया है। साथ ही, गैस अथॉरिटी इंडिया लिमिटेड, पंजाब नेशनल बैंक, इंडीयन बैंक, जैसे केंद्र सरकार के 42 अन्य उपक्रमों ने भी भारी भरकम राशि का लाभ अर्जित किया है।

केंद्र सरकार के उपक्रमों के साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक, जो भारत में एक स्वायत्त संस्था के रूप में कार्य करता है एवं इस पर केंद्र सरकार का नियंत्रण लगभग नहीं के बराबर रहता है, ने भी पूरे विश्व के कई बड़े केंद्रीय बैंकों के बीच सबसे अधिक राशि का लाभ अर्जित किया है। अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व को वर्ष 2024 में 7,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुकसान उठाना पड़ा है, इसी प्रकार ब्रिटेन के केंद्रीय बैंक, बैंक आफ इंग्लैंड को 4,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ है तथा यूरोपीयन यूनियन के केंद्रीय बैंक, ईसीबी को 900 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ है। वहीं, इन केंद्रीय बैंकों की तुलना में भारतीय रिजर्व बैंक को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 3,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर का लाभ हुआ है। जिसके चलते भारतीय रिजर्व बैंक ने केंद्र सरकार को इस वर्ष 2.70 लाख करोड़ रुपए की राशि का लाभांश अदा करने की घोषणा की है। विभिन्न केंद्र सरकार के उपक्रमों ने भी इस वर्ष केंद्र सरकार को भारी भरकम राशि का लाभांश अदा किया है। भारतीय रिजर्व बैंक एवं केंद्र सरकार के उपक्रमों से प्राप्त होने वाली कुल लाभांश की राशि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट में किए गए प्रावधान की राशि से कहीं अधिक है।

इसी प्रकार, केंद्र सरकार को प्रत्येक माह प्राप्त होने वाली वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की राशि भी अब मासिक औसत के रूप से 2 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गई है। अप्रेल 2025 माह में तो केंद्र सरकार को रिकार्ड 2.36 लाख करोड़ रुपए की राशि का राजस्व वस्तु एवं सेवा कर की मद से प्राप्त हुआ था। इसी प्रकार, मई 2025 में 2.01 लाख करोड़ रुपए की राशि का राजस्व जीएसटी मद से प्राप्त हुआ है। देश में प्रत्यक्ष कर (आय कर एवं कारपोरेट कर सहित) के रूप में प्राप्त राशि अप्रत्यक्ष कर के रूप में प्राप्त राशि से कहीं अधिक रही है। देश के आम नागरिकों के हित में यह बहुत अच्छा कार्य हुआ है क्योंकि प्रत्यक्ष कर उन नागरिकों से प्राप्त किया जाता है जो इस कर को अदा कर सकने की क्षमता एवं योग्यता रखते हैं अर्थात उनकी आय कर देने योग्य आय के स्तर से ऊपर रहती है जबकि अप्रत्यक्ष कर समाज के प्रत्येक वर्ग पर सामान्य रूप से एक जैसा लगाया जाता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 22.26 लाख करोड़ रुपए की राशि प्रत्यक्ष कर के रूप में केंद्र सरकार को प्राप्त हुई थी जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राप्त 19.60 लाख करोड़ रुपए की राशि से 13.57 प्रतिशत अधिक है। वहीं वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अप्रत्यक्ष कर (जिसमें वस्तु एवं सेवा कर, केंद्रीय उत्पाद शुल्क एवं सीमा शुल्क शामिल हैं) के रूप में प्राप्त राशि का लक्ष्य 16.33 लाख करोड़ रुपए का निर्धारित किया गया था। अप्रत्यक्ष कर की मद की तुलना में प्रत्यक्ष कर की मद से अधिक कर राशि का संग्रहण होना यह भी दशार्ता है कि भारत में नागरिकों की कर देने योग्य आय में वृद्धि दर अधिक है एवं आय कर अदा करने वाले नागरिकों की संख्या में भी अतुलनीय सुधार हो रहा है। अर्थात, देश में उच्च आय अर्जित करने वाले नागरिकों एवं मध्यमवर्गीय नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है तथा गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिक अब तेज गति से मध्यमवर्गीय नागरिकों की श्रेणी में परिवर्तित हो रहे हैं।

यदि भारत के नागरिक लगातार इसी प्रकार की आर्थिक तरक्की करते रहे तो केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों के लिए देश में पूंजीगत खर्चों में वृद्धि करने एवं समाज के लिए कल्याणकारी योजनाओं को चलाये रखने में किसी भी प्रकार की समस्या खड़ी नहीं होगी। किसी भी देश के लिए कल्याणकारी योजनाओं को चलायमान बनाए रखने के लिए वित्त की अनुपलब्धता ही मुख्य समस्या के रूप में सामने आती है। परंतु, देश के नागरिक जो गरीबी रेखा से ऊपर उठकर मध्यमवर्गीय अथवा उच्चवर्गीय परिवारों की श्रेणी में शामिल हो रहे हैं, वे यदि केंद्र एवं राज्य सरकारों की वित्त व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तो भारत के लिए आर्थिक विकास की दर को दहाई के आंकड़े तक ले जाने में कोई बहुत अधिक समय नहीं लगने वाला है। केंद्र सरकार, विभिन्न राज्य सरकारों एवं निजी क्षेत्र द्वारा देश में गरीब वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाओं को चलाने के साथ ही यदि पूंजीगत खर्चों में भी वृद्धि की जाती है तो देश के नागरिकों के लिए रोजगार के पर्याप्त अवसर निर्मित होते हैं एवं इससे देश के नागरिक देश की आर्थिक तरक्की में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर पाते हैं। भारत में भी इसी प्रकार की व्यवस्था खड़ी होती हुई दिखाई दे रही है, जिसका डंका पूरे विश्व में बज रहा है।

# हनुमान जी की पूजा के समय करें इस स्त्रोत का पाठ

हिंदू धर्म में हर दिन किसी न किसी देवी-देवता को समर्पित होता है। जैसे मंगलवार का दिन हनुमान जी को समर्पित होता है। हनुमान जी को प्रभु श्रीराम का अनन्य भक्त माना जाता है। मंगलवार के दिन जो भी जातक हनुमान जी के सच्चे मन और विधि-विधान से पूजा करता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। वहीं मंगलवार का व्रत करने से जातक को हर कार्य में सफलता मिलती है और सभी कार्य बनने लगते हैं। वहीं ज्योतिष भी कार्य में सफलता पाने के लिए हनुमान जी की पूजा करने की सलाह देते हैं। बता दें कि हनुमान जी की विधि-विधान से पूजा करने से कुंडली में अशुभ ग्रहों का प्रभाव भी खत्म हो जाता है। वहीं जातक के जीवन में भी मंगल का आगमन होता है। यदि आप आर्थिक तंगी और कष्टों से निजात पाना चाहते हैं, तो आपको मंगलवार के दिन स्नान आदि के बाद विधि-विधान से हनुमान जी की पूजा करनी चाहिए औ? पूजा के दौरान ऋणमोचन स्त्रोत का पाठ करना चाहिए। इस स्त्रोत का पाठ करने से व्यक्ति को कर्ज से मुक्ति मिलती है और आर्थिक स्थिति ठीक हो जाती है।

ऋणमोचन अङ्गारकस्तोत्रम

रक्तमाल्याम्बरधरः शूलशक्तिगदाधरः ।
चतुर्भुजो मेषगतो वरदश्च धरासुतः ॥
मङ्गलो भूमिपुत्रश्च ऋणहर्ता धनप्रदः ।
स्थिरासनो महाकायो सर्वकामफलप्रदः ॥
लोहितो लोहिताक्षश्च सामगानां कृपाकरः ।
धरात्मजः कुजो भौमो भूमिदो भूमिनन्दनः ॥
अङ्गारको यमश्चैव सर्वरोगापहारकः ।
सृष्टेः कर्ता च हर्ता च सर्वदेशैश्च पूजितः ॥
एतानि कुजनामानि नित्यं यः प्रयतः पठेत् ।
ऋणं न जायते तस्य श्रियं प्राप्नोत्यसंशयः ॥
अङ्गारक महीपुत्र भगवन् भक्तवत्सल ।
नमोऽस्तु ते ममाशेषं ऋणमाशु विनाशय ॥
रक्तगन्धैश्च पुष्पैश्च धूपदीपैर्गुडोदनैः ।
मङ्गलं पूजयित्वा तु मङ्गलाहनि सर्वदा ॥
एकविंशति नामानि पठित्वा तु तदन्तिके ।
ऋणरेखा प्रकर्तव्या अङ्गारेण तदग्रतः ॥
ताश्च प्रमार्जयेन्नित्यं वामपादेन संस्मरन् ।
एवं कृते न सन्देहः ऋणान्मुक्तः सुखी भवेत् ॥
महतीं श्रियमाप्नोति धनदेन समो भवेत् ।
भूमिं च लभते विद्वान् पुत्रानायुश्च विन्दति ॥

**मूलमन्त्रः**

अङ्गारक महीपुत्र भगवन् भक्तवत्सल ।
नमस्तेऽस्तु महाभाग ऋणमाशु विनाशय ॥
अर्घ्यम । भूमिपुत्र महातेजः स्वेदोद्भव पिनाकिनः ।
ऋणार्थस्त्वां प्रपन्नोऽस्मि गृहाणार्घ्यं नमोऽस्तु ते ॥

**स्तोत्र के लाभ**

इस स्त्रोत का रोजाना जाप करने से जातक पर हनुमान जी की विशेष कृपा होती है। वहीं हनुमान जी की कृपा से व्यक्ति को जीवन में सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होती है और आर्थिक तंगी से छुटकारा मिलता है।

## टिप्स

### क्या आप जानते हैं तुलसी के पौधे से जुड़े ये वास्तु टिप्स

सनातन धर्म में तुलसी का पौधा बेहद पूजनीय होता है। मान्यता के अनुसार, घर में तुलसी का पौधा रखने से घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है। घर से नकारात्मक एनर्जी दूर होती और जीवन में धन, सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है। इसके साथ ही कार्तिक माह में घर में तुलसी का पौधा लगाना और उसकी पूजा करने शुभ फलदायी होता है। हालांकि, जब भी आप अपने घर में तुलसी का पौधा लगाते हैं तो कुछ बातों का ध्यान रखना जरुरी है। आइए जानते हैं तुलसी से जुड़े वास्तु टिप्स।

**तुलसी के पौधे से जुड़े वास्तु टिप्स**

- वास्तु के मुताबिक, तुलसी का पौधा उत्तर-पूर्व दिशा में लगाना अति शुभ माना गया है। इसके अलावा, दक्षिण दिशा में तुलसी का पौधा नहीं लगाएं। यह जीवन में नकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करता है।
- तुलसी के पौधे के पास डस्टबिन, शूज और झाड़ू रखना नहीं चाहिए।
- आप चाहे तो तुलसी के पौधे को फूलों के पौधों के पास रख सकते हैं, लेकिन इसे कैक्टस के पास न रखें। वरना घर की नेगेटिविटी को बढ़ा देता है।
- घर में विषम संख्या में 1, 3 या 5 तुलसी का पौधा लगाना शुभ माना जाता है। वहीं, सम संख्या में 2, 4 या 6 तुलसी के पौधे नहीं लगाना चाहिए।
- तुलसी का पौधा सदैव ऊंचा स्थान पर रखें।
- तुलसी के सुखे पौधे को घर पर कभी भी न रखें। इसको आपको जल्द ही घर से हटा दें। इसके जगह नया पौधा लगा दें।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज ब्रीफ

## डॉ मदन केसरी बने केसरवानी वैश्य सभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति सदस्य



**साहिबगंज :** शहर के तालबन्ना निवासी डॉक्टर मदन केसरी केसरवानी वैश्य सभा मे संगठन के प्रति सोच रखने के साथ वे लगातार क्षेत्र मे दौरा कर संगठन को मजबूत करने का काम कर रहे है।वही इनके द्वारा किये गए कार्यों को देखते हुए झारखंड प्रदेश केसरवानी वैश्य सभा के अनुशंसा पर इन्हे केसरवानी वैश्य सभा का राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के सदस्य बनाया गया है।वही डॉ मदन केसरी को राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति का सदस्य बनाये जाने पर केसरवानी वैशय समाज के लोगो मे खुशी की लहर देखने को मिल रही है।वही समाज के लोग लगातार उनके घरो मे आकर डॉ मदन केसरी को बधाई एवं शुभकामनाएं दे रहे है!जिसकी जानकारी संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष उदय कुमार केसरी ने दी!

## बच्चों के इलाज की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देश



**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती ने आज साहेबगंज स्थित पुराने सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने महिला ओपीडी और कुपोषण उपचार केंद्र एमटीसी का गहन निरीक्षण किया।एमटीसी में उपस्थित बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने उनकी स्वास्थ्य रिपोर्ट की भी जांच की। उन्होंने बच्चों के इलाज की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु चिकित्सकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि बच्चों के पोषण और बेहतर स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जाए तथा नियमित मॉनिटरिंग की व्यवस्था हो।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल परिसर में नालियों की जर्जर स्थिति पर नाराजगी जताते हुए संबंधित पदाधिकारी को तत्काल नालियों की मरम्मत एवं साफ-सफाई कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया, चिकित्सा पदाधिकारी समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## पोकलेन हाईवा आगजनी मामले में एक और अभियुक्त को भेजा गया जेल

**साहिबगंज/मंडरो :** मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के दामीनभीठा पत्थर खदान में दो जून के रात अपराधियों द्वारा दो पोकलेन एवं दो हाईवा जलाया गया था इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एस आई पवन कुमार ने गुरुवार को एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया वही पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल द्वारा इस घटना में संलिप्त अपराधियों को गिरफ्तार करने की मुहिम छेड़ा है। वहीं एस आई पवन यादव ने पुलिस बल के साथ गुप्ता सुचना के आधार पर मिजाचौकी थाना के गडरा पंचायत के कानाडीह गोसायचक गांव के निवासी बिट्टू चौड़े को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इसके पूर्व आगजनी की घटना में संलिप्त चार आरोपियों को जेल भेजा गया जहां सात देशी रायफल एवं देशी कट्टा व गोली बरामद किया गया था।इस घटना में अब तक सात आरोपियों को मिजाचौकी थाना पुलिस जेल भेज चूकी है।जिसमें दो आरोपियों को गोड्डा एवं साहिबगंज पुलिस ने ललमटिया से गिरफ्तार किया गया था। इस संबंध में एस आई पवन यादव ने बताया कि इस कांड में संलिप्त आरोपियों को धर पकड़ जारी रहेगा।

## विद्युत विभाग की छापेमारी में चार बिजली चोर रंगेहाथ धराया

साहिबगंज/मंडरोः विद्युत प्रमंडल के अधिकारियों ने शुक्रवार को विद्युत ऊर्जा चोरी की रोकथाम को लेकर एक टीम गठित कर मिजाचौकी थाना क्षेत्र के मंडरो बाजार, भगैया, बडतल्ला गांव में छापेमारी अभियान चलाकर चार व्यक्ति को विद्युत उर्जा चोरी करते पकडा.। विद्युत ऊर्जा चोरी करते पकड़े गए सभी व्यक्तियों के विरुद्ध मिजाचौकी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने को लेकर जेई के द्वारा थाना में आवेदन दी गई है। साथ ही साथ सभी व्यक्तियों पर क्षतिपूर्ति जुमार्ना भी लगाया गया है कुल चार व्यक्तियों को मिलाकर हजारों रुपए की जुमार्ना लगायी गई है। उक्त छापेमारी अभियान में विद्युत विभाग के एसडीओ शिवम पांडे, जेई नीलगगन, प्रधान सारणी पुरुष संतोष कुमार ठाकुर, जितेंद्र राम उर्फ करू, मुजफ्फर अंसारी समेत अन्य विद्युत विभाग के कर्मी शामिल थे।

## गंगा नदी में नहाने गया किशोर डूबा मौत से गांव में पसरा मातम

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र के पश्चिमी प्राणपुर में गंगा नदी में नहाने के क्रम में एक किशोर की मौत हो गई, जिससे परिवार में गहरा मातम पसर गया है। यह घटना गुरुवार शाम को घटी है। जानकारी के अनुसार, पश्चिमी प्राणपुर के सौकत टोला निवासी रुहूल शेख 16 वर्ष गुरुवार की शाम अपने कुछ साथियों के साथ गंगा नदी में नहाने गया था। नदी में नहाने के दौरान खेलते-खेलते वह अनजाने में गहरे पानी के क्षेत्र में चला गया और पानी के तेज बहाव या गहराई का अंदाजा न मिलने के कारण डूबने लगा। घटना की सूचना जैसे ही ग्रामीणों और परिजनों को मिली, चारों ओर हड़कंप मच गया। बिना समय गंवाए, सैकड़ों ग्रामीण और परिवार के सदस्य तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने पूरी रात स्थानीय गोताखोरों और अपने स्तर पर बच्चे की तलाश जारी रखी, लेकिन अथक प्रयासों के बावजूद रुहूल का कोई सुराग नहीं मिल पाया।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**साहिबगंज :** तालझारी थाना क्षेत्र के सकरीगली अंबाडिया निवासी रामप्रवेश चौधरी 40 वर्ष का गुरुवार की देर रात्रि अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। शुक्रवार की सुबह आरपीएफ को सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन करते हुए शव को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इधर रामप्रवेश के स्वजनों को सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे। भाई सुधीर चौधरी ने बताया कि गुरुवार की देर रात्रि हम तीनों भाई काम करके वापस घर लौट रहे थे तभी रामप्रवेश ने कहा कि तुम लोग जो मैं थोड़ी देर के बाद आता हूं और यह कह कर वह घर नहीं आया। सुबह में आसपास के लोगों ने बताया कि तुम्हारा भाई रामप्रवेश किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से कट गया है जिसके कारण उसकी दर्दनाक मौत हो गई है। यह सुनकर तुरंत सभी घटनास्थल पहुंचे जहां पहले से मौजूद पुलिस मामले की छानबीन कर रही थी।

# राजकीय श्रावणी मेला की तैयारी को 05 जुलाई तक करें पूर्ण : नगर विकास मंत्री

मेट्रो रेज संवाददाता

**देवघर :** झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, पर्यटन, कला एवं संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित आगामी राजकीय श्रावणी मेला, 2025 की तैयारियों को लेकर किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन देवघर परिसदन के सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त देवघर नमन प्रियेश लकड़ा एवं उपायुक्त दुमका अभिजीत सिन्हा ने एक-एक कर विभागवार मेला क्षेत्र में किये जाने वाले विभिन्न कार्यों के अलावा श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व नये तकनीकों के उपयोग से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों को पीपीटी के माध्यम से अवगत कराया।




इसके अलावे बैठक के दौरान नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, पर्यटन, कला एवं संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार द्वारा जानकारी दी गयी कि 11 जुलाई से 09 अगस्त तक राजकीय श्रावणी मेला की तिथि निर्धारित है। ऐसे में सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में की जाने वाली तैयारियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष रूप से इंतजाम करने की आवश्यकता है, ताकि बाहर से आने देवतुल्य श्रद्धालु सुलभ व सुरक्षित जलार्पण के साथ एक अच्छी अनुभूति प्राप्त कर अपने गंतव्य की ओर रवाना हो। साथ ही उन्होंने राजकीय श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा को लेकर (आउट ऑफ टर्न दर्शन) भीआईपी, भीभीआईपी दर्शन पर पूर्ण रूप से बंद रहने की बात कही, ताकि श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि झारखण्ड राज्य का सबसे बड़ा मेला है, ऐसे में मेला के दौरान श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ की नगरी से मधुर स्मृति लेकर वापस लौटे यह हम सभी की जिम्मेवारी व जवाबदेही है। आगे राजकीय श्रावणी मेला के दौरान की जाने वाली तैयारियों की विभगार समीक्षा के क्रम में विद्युत आपूर्ति, पथ निर्माण विभाग, नगर निगम, जनसम्पर्क विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, भवन प्रमंडल एवं पुलिस विभाग द्वारा किये जाने वाले कार्यों पर विस्तृत चर्चा करते हुए 05 जुलाई तक सभी कार्यों को पूर्ण करने का निदेश संबंधित विभाग के अधिकारियों व कार्यपालक अभियंता को दिया गया।

**आधुनिक तकनीक और समर्पण भाव से करे कार्य**

समीक्षा बैठक में सम्पूर्ण मेला क्षेत्र अन्तर्गत सुरक्षा के दृष्टिकोण से बनाये जाने वाले ओपी, ट्रैफिक ओपी, स्वास्थ्य केन्द्र, सूचना सह सहायता केन्द्र, विद्युत केन्द्र, पर्यटन केन्द्र, मातृत्व विश्राम गृह, के अलावा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु बनाये जाने वाले टेंट सीटी, मेला क्षेत्र में शौचालय, पेयजल, स्नानगृह, कूड़ेदान, साफ-सफाई व कचड़ा उठाव की व्यवस्थाओं को चौबिसों घंटे दुरूस्त रखने का निदेश दिया। साथ ही मेला क्षेत्र में पथ प्रकाश, साज-सज्जा, तोरण द्वार एवं विद्युत आपूर्ति को लेकर सुरक्षात्मक उपायों के अलावा वैकल्पिक प्रकाश व्यवस्था की स्थिति को दुरूस्त करने का निदेश दिया। आगे उन्होंने तीन स्थलों पर बनाये जाने वाले टेंट सिटी में श्रद्धालुओं के आवासन की सुविधा को बेहतर और वृहत करने का निर्देश दिया गया, ताकि श्रद्धालुओं को आवासन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अलावा गर्मी और उमस से निजात के उद्देश्य से मिस्टकूलिंग और इंद्र वर्षा की संख्या में इजाफा करने का निर्देश दिया गया है। साथ देवघर और बासुकीनाथ के बीच आवागमन में श्रद्धालुओं को असुविधा न हो इसको लेकर जिला स्तर के अधिकारियों एवं नेशन हाइवे के अधिकारियों आपसी समन्वय के साथ आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। आगे उन्होंने मेला क्षेत्र में क्यू आर कोड के माध्यम से फीडबैक सिस्टम को बेहतर तरीके से मेला में उपयोग करने का निर्देश दिया, ताकि श्रद्धालुओं को होने वाली समस्याओं से जिला प्रशासन को अवगत कराया जा सके, जिसके पश्चात संबंधित विभाग के द्वारा त्वरित समस्याओं का निराकरण किया जा सके। इसके अलावे गर्मी को ध्यान में रखते हुए इंद्र वर्षा, मिस्ड कूलिंग सिस्टम की संख्या बढ़ाने के साथ मेला क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को और भी बेहतर करने की दिशा में कार्य करने का निदेश दिया। आगे समीक्षा बैठक के दौरान नगर विकास मंत्री ने अपने अपने आवंटित कार्यों के अलावा किये जाने वाले कार्यों को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं कार्यपालक अभियंता को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया।

**बाबा मंदिर का नीर ट्रीटमेंट प्लांट और बेलपत्र प्लांट को पुनः करे करें**

इसके अलावा बैठक के दौरान नगर विकास मंत्री श्री कुमार ने बाबा मंदिर से निकलने वाले नीर के फिल्ट्रेशन प्लांट को मेला से पहले शुरू करने के साथ बाबा मंदिर से निकलने वाले फूल, बेलपत्र को प्लांट को शुरू करने का निर्देश नगर निगम के अधिकारियों को दिया। साथ ही आगामी राजकीय श्रावणी मेला 2025 हेतु विधि व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, अपराध नियंत्रण, वाहनों का पड़ाव स्थल, सुविधाजनक रूटलाईन के साथ साथ यातायात की सुव्यवस्था सुनिश्चित करने का निदेश दिया, ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालु बाबा नगरी में सुगम जलार्पण कर एक मधुर स्मृति व बेहर अनुभूति लेकर अपने गंतव्य की ओर रवाना हो।

**श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर श्रावणी मेला के दौरान विभिन्न आधुनिक तकनीकों का किया जायेगा उपयोग**

राजकीय श्रावणी मेला के दौरान तकनीकी के क्षेत्र में ए0आई0 बेस्ड इन्ट्रीगेटेड मेला कन्ट्रोल रूम, ए0आई0 बेस्ड 200 कैमरा, चैट बोर्ड-इन्फॉरमेशन फीडबैक एण्ड हेल्पलाईन, ए0आई0 बेस्ड ट्रैफिक मैनजेमेंट सिस्टम, सामान्य कैमरा 700 के आसपास, ए0आई0 बेस्ड 10 ड्रोन, 40 के आसपास टेलीविजन, फेस रिकोग्नाईशन कैमरा, हेड काउन्टींग, हाई क्वालिटी एएनपीआर कैमरा छः स्थानों पर एवं क्यू आर बेस्ड कम्पलेन सिस्टम एवं लोकेशन बेस्ड एटेंन्डेंस सिस्टम व डिजिटल पवेलियम का उपयोग किया जायेगा। बैठक में संथाल परगना कमिश्नर लालचंद डाडेल, पर्यटन सचिव मनोज कुमार, जेटीडीसी के एमडी, पुलिस अधीक्षक देवघर, पुलिस अधीक्षक दुमका, नगर आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी देवघर, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), कार्यपालक अभियन्ता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, कार्यपालक अभियांत्रिकी विद्युत प्रमंडल धनबाद, कार्यपालक अभियन्ता पथ प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, कार्यपालक अभियांता भवन निर्माण निगम, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# बाल श्रम मुक्त जिला बनाने के लिए शुरू हो राष्ट्रीय मिशन

## बच्चों की मुफ्त अनिवार्य शिक्षा और पीड़ित बच्चों के पुनर्वास के लिए बाल मजदूर पुनर्वास कोष बनाया जाए

अमित राज सिंह

**साहिबगंज :** मंथन संस्था ने साल भर में बाल तस्करी बाल मजदूरी से मुक्त कराए 123 बच्चे।बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन जेआरसी के सहयोगी संगठन मंथन चला रहा जिले में बाल श्रम के खिलाफ अभियान।

बाल मजदूरी के खात्मे के लिए राष्ट्रीय बाल श्रम उन्मूलन मिशन शुरू करने और इसके लिए पर्याप्त संसाधनों के आवंटन की मांग।18 साल तक के बच्चों की मुफ्त अनिवार्य शिक्षा और पीड़ित बच्चों के पुनर्वास के लिए बाल मजदूर पुनर्वास कोष बनाया जाए।विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए काम कर रहे संगठन मंथन संस्था के समन्वयक अमन वर्मा ने कहा कि बाल अधिकारों के मोर्चे पर जिला प्रशासन व नागरिक समाज में जो सजगता व समन्वय दिख रहा है।उससे यह विश्वास जगता है। कि हम जल्द ही बाल श्रम मुक्त ससाहिबगंज जिला का सपना साकार होते देखेंगे। संगठन ने कहा कि पिछले एक साल में जिला प्रशासन के सहयोग से उसने जिले में. बाल तस्करी/बाल श्रम के खिलाफ छापामार कर अभियान चलाए और इस दौरान 123 बच्चों को मुक्त कराया।

आज विश्व इसके अलावा, जिले में इस मौके पर कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ जिसमें बाल मजदूरी के खिलाफ लोगों को जागरूक किया गया और इसके खात्मे का संकल्प लिया गया। इस दौरान बाल मजदूरी के पूरी तरह खात्मे के लिए राष्ट्रीय बाल श्रम उन्मूलन मिशन शुरू करने, इसके लिए पर्याप्त संसाधनों का आवंटन और जिलों में जिला स्तरीय चाइल्ड लेबर टास्क फोर्स के गठन की भी किया गया है।मंथन संस्था देश में बाल अधिकारों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए देश के नागरिक समाज के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन जेआरसी का सहयोगी संगठन है। जेआरसी के 250 से भी ज्यादा सहयोगी संगठन देश के 418 जिलों में जमीन पर बाल श्रम, बाल विवाह, बाल यौन शोषण और बच्चों की ट्रैफिकिंग के खिलाफ काम कर रहे हैं। जेआरसी ने बच्चों की सुरक्षा के लिए कानूनी हस्तक्षेप कार्यक्रम ह्यन्याय तक पहुंचह्न के जरिए पिछले दो वर्षों में 85,000 से ज्यादा बच्चों को बाल मजदूरी से मुक्त कराया है और 54,000 से ज्यादा मामलों में कानूनी कार्रवाई शुरू की।मंथन के निदेशक बिपलव महतो ने रिपोर्ट के हवाले से कहा बाल श्रम के खात्मे की दिशा में दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले भारत का प्रदर्शन काफी बेहतर रहा है।और इसका श्रेय राज्य सरकार और जिला ०प्रशासन की सतर्कता और संवेदनशीलता को जाता है। हमने जिले में अब तक 123 कुल बाल तस्करी बाल मजदूरों को मुक्त कराया है और उनके पुनर्वास की दिशा में भी प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि पीड़ितों के पुनर्वास और अपराधियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई से ही बाल मजदूरी पर रोक लग पाएगी और भारत इस दिशा में आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने बाल श्रम के खात्मे के लिए समग्र नीतिगत बदलावों सरकारी खरीदों में बाल श्रम का इस्तेमाल कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति18 साल तक मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा पीड़ित बच्चों के पुनर्वास के लिए बाल मजदूर पुनर्वास कोष की स्थापना, खतरनाक उद्योगों की सूची में विस्तार, राज्यों को उनकी विशेष जरूरतों के हिसाब से नीतियां बनाने बाल मजदूरी के खात्मे के लिए सतत विकास लक्ष्य 8.7 की समयसीमा को 2030 तक बढ़ाने दोषियों के खिलाफ सख्त व त्वरित कानूनी कार्रवाई की मांग की।

जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के राष्ट्रीय संयोजक रवि कांत ने कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के कन्वेंशन 182 यानी बाल श्रम को रोकने की अंतरराष्ट्रीय संधि का हस्ताक्षरकर्ता देश है।जिसमें बाल श्रम के सभी खतरनाक स्वरूपों को खत्म करने की प्रतिबद्धता जताई गई है। भारत इस दिशा में सार्थक प्रयास कर रहा है। जिसके सुखद परिणाम भी सामने आए हैं। उन्होंने कहा विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए बाल श्रम मुक्त आपूर्ति श्रृंखला कौशल विकास और शिक्षित व जिम्मेदार नागरिक पहली शर्त हैं। हमें बाल श्रम को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति पर अमल करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की जरूरत है। सरकार को अभियोजन तंत्र को मजबूत करते हुए एक बाल मजदूर पुनर्वास कोष स्थापित करने व इन बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक समग्र पुनर्वास नीति पर काम करना चाहिए।

# रोजगार मेला संपन्न



**दुमका :** झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वाधान में अवर प्रादेशिक नियोजनालय, दुमका द्वारा कार्यालय परिसर में शुक्रवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 में एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन पूर्वाह्न 10:30 बजे से प्रारम्भ किया गया।

नियोजन पदाधिकारी प्रीति कुमारी द्वारा रोजगार मेले की जानकारी देते हुए नियोजनालय द्वारा बेरोजगार युवक/युवतियों को उपलब्ध करायी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रत्येक नियोजकों द्वारा बारी-बारी से अपने रिक्तियों का विस्तृत जानकारी साझा किया गया।

रोजगार मेले में निजी क्षेत्र के 08 नियोजकों एवं नियोजक प्रतिनिधियों द्वारा कुल 3051 रिक्तियों के साथ उक्त मेले में भाग लिया गया। मेले में लगभग 245 आवेदक/आवेदिकाएँ सम्मिलित हुए। जिसमें कुल 79 चयनित एवं कुल 131 शॉटलिस्टेड हुए।

उक्त रोजगार मेला का आयोजन नियोजक एवं रोजगार के लिए इच्छुक आवेदक/आवेदिकाओं को एक प्लेटफॉम पर लाने का काम नियोजनालय करती है। उक्त रोजगार मेला में आवेदक/आवेदिकागण अपनी इच्छानुसार नियोजक द्वारा प्रदत्त सभी सुविधाऐं एवं सेवा शर्तो की जानकारी प्राप्त करते हुए रोजगार मेला से लाभान्वित होते हैं। साथ ही रिक्तियों की सूचना पोर्टल पर भी प्रदर्शित की जाती है।

उक्त मेले में प्रीति कुमारी, नियोजन पदाधिकारी, दुमका, मो0 जावेद अंसारी, नियोजन पदाधिकारी, वि0वि0नियो0 सूचना मार्ग दर्शन केन्द्र, दुमका, शिव नन्दन प्रसाद (उ0व0 लिपिक), जय प्रकाश सिन्हा (उ0व0लिपिक), मनीष कुमार, सुरज कुमार, अशोक कुमार, पंकज कुमार मंडल, विशाल कुमार के साथ-साथ कार्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# बासुकीनाथ आने वाले श्रद्धालुओं को कोई कठिनाई नहीं हो : मंत्री

मेट्रो रेज संवाददाता

**दुमका :** झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, पर्यटन, कला एवं संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित राजकीय श्रावणी मेला, 2025 की तैयारियों को लेकर किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन बासुकीनाथ मंदिर स्थित सभागार में किया गया। समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुएनगर विकास मंत्री ने राजकीय श्रावणी मेला के दौरान किये जाने वाले कार्यों को लेकर विभिन्न विभागों से जानकारी प्राप्त की एवं सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने का निदेश दिया।कहा कि किसी प्रकार की समस्या हो तो मुझे अवगत कराएं लेकिन श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं हो इसे सुनिश्चित करें।



उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को श्रावणी मेला के दौरान बासुकीनाथ में कठिनाई नहीं होगी।राजकीय श्रावणी मेला 2025 का आयोजन सभी के सहयोग से बेहतर होगी,विश्वास है श्रद्धालु एक बेहतर अनुभूति के साथ वापस जाएंगे।कहा कि श्रावणी मेला के दौरान आवश्यकता के अनुसार चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति बासुकीनाथ में की जायेगी।

उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को 5 जुलाई तक सभी कार्यों को पूर्ण करने का निदेश दिया।कहा कि 11 जुलाई को किसी भी स्तर पर कोई कमी नहीं रहे इसे सुनिश्चित करें।बाबा की सेवा भक्तों की सेवा में निहित है।कहा कि बाबा के भक्तों की सेवा कर लें,बाबा की पूजा का फल प्राप्त हो जाएगा।

इस दौरान उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने पीपीटी के माध्यम से बासुकीनाथ में राजकीय श्रावणी मेला 2025 के दौरान श्रद्धालुओं के लिए की गयी व्यवस्था, विधि व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों से अवगत कराया।

इससे पूर्व नगर विकास मंत्री ने रुट लाइन का निरीक्षण किया।उपायुक्त ने उन्हें रुट लाइन की व्यवस्था सहित श्रद्धालुओं के मंदिर में प्रवेश एवं निकास,शिवगंगा में सुरक्षा के दृष्टिकोण से की जाने वाली व्यवस्थाओं से अवगत कराया। इस दौरान उप विकास आयुक्त,अनुमंडल पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।




# कोविड से उबरने के बाद काम पर लौटीं जोइता चटर्जी, बोलीं- 'मुश्किल भरा था समय'

**कोविड** की चपेट में आई अभिनेत्री जोइता चटर्जी अब ठीक हैं। अभिनेत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि वह एकदम ठीक हैं और प्रोजेक्ट पर काम शुरू करने के लिए तैयार हैं। कोविड पॉजिटिव रिपोर्ट आने से पहले, जोइता अपने प्रोजेक्ट पर काम शुरू करने के लिए तैयार थीं। हालांकि, उनकी खराब सेहत के कारण शूटिंग को आगे बढ़ाना पड़ा। आखिरकार, निगेटिव रिपोर्ट आने के बाद अभिनेत्री काम पर वापस से लौटने के लिए तैयार हैं। जोइता ने हाल ही में अपने ठीक होने के बाद काम पर वापस लौटने के दौरान आने वाली कठिनाइयों के बारे में खुलकर बात की। बालवीर फेम अभिनेत्री ने खुलासा किया कि उनकी रिकवरी की यात्रा आसान नहीं थी क्योंकि रिकवरी की पूरी प्रक्रिया के दौरान उन्हें लगातार 2020 और 2021 की महामारी के पुराने डर सताते रहे। अपने डॉक्टर्स और सभी शुभचिंतकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए उन्होंने कहा, मेरे डॉक्टर्स और प्रशंसकों की प्रार्थनाओं का शुक्रिया, मैं अब कोविड से उबर चुकी हूं। मैं प्रोजेक्ट की शूटिंग और लंबे समय से पेंडिंग में पड़े प्रोजेक्ट्स पर काम शुरू करने के लिए अब तैयार हूं। मैं काम फिर से शुरू करने को लेकर खुश और उत्साहित हूं। अभिनेत्री ने साझा किया कि कोविड निगेटिव रिपोर्ट आने के बावजूद वह कमजोरी महसूस कर रही हैं। उन्होंने बताया, मैं कोविड-19 से ठीक हो चुकी हूं और अब रिपोर्ट भी नेगेटिव आ चुकी है। लेकिन, मुझे अभी भी कमजोरी है जिसे मैं महसूस कर रही हूं। कमजोरी के साथ काम फिर से शुरू करना वास्तव में चुनौतीपूर्ण है, लेकिन जोश और जुनून मुझे आगे बढ़ाता है। कमजोरी के बावजूद मुझे काम करने की ताकत देने के लिए ईश्वर का आभार। मेरे स्वस्थ होने की प्रार्थना करने वाले सभी लोगों की आभारी हूं।

आमिर खान का खुलासा:

# 2026 में शुरू होगी लोकेश कनागराज के साथ सुपरहीरो फिल्म, PK 2 को बताया अफवाह



बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान इस समय अपनी अगली फिल्म सितारे ज़मीन पर की रिलीज़ की तैयारियों में जुटे हैं, जो 20 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। आमतौर पर आमिर एक वक्त पर एक ही प्रोजेक्ट पर ध्यान देते हैं, लेकिन इस बार उन्होंने अपवाद करते हुए अपने भविष्य के कुछ बड़े प्रोजेक्ट्स को लेकर खुलासा किया है। एक ओर जहां उन्होंने लोकेश कनागराज के साथ एक सुपरहीरो फिल्म की पुष्टि की है, वहीं PK 2 को लेकर उड़ रही अफवाहों को सिरे से खारिज भी कर दिया है।

पत्रकारों के साथ एक ग्रुप इंटरव्यू में आमिर खान ने साफ किया कि, PK 2 सिर्फ एक अफवाह है। मुझे इसके बारे में कुछ नहीं पता। उन्होंने आगे कहा, दादासाहेब फाल्के पर फिल्म बन रही है और उस पर मैं और राजू (राजकुमार हिरानी) मिलकर काम कर रहे हैं। जब उनसे लोकेश कनागराज के साथ प्रोजेक्ट को लेकर पूछा गया, तो उन्होंने कहा, हम दोनों एक फिल्म पर काम कर रहे हैं, जो सुपरहीरो जॉनर की है। ये एक बड़े स्केल की एक्शन फिल्म होगी और 2026 की दूसरी छमाही में फ्लोर पर जाएगी। हालांकि, इससे ज़्यादा जानकारी देने से उन्होंने इनकार करते हुए कहा, ये दो साल आगे की बात है, अभी मैं इससे ज्यादा कुछ नहीं कह सकता।

## टॉम क्रूज के नाम दर्ज हुआ एक और गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड, मिशन इंपॉसिबल में किया शानदार स्टंट

तीन बार ऑस्कर अवॉर्ड के लिए नामांकित हो चुके हॉलीवुड के एक्टर टॉम क्रूज अपनी बेहतरीन अदाकारी के लिए जाने जाते हैं। उनका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज है। हाल ही में एक्टर के नाम एक और रिकॉर्ड जुड़ गया है। यह रिकॉर्ड मिशन इंपॉसिबल फ्रेंचाइजी की आठवीं किस्त में स्टंट करने के लिए जुड़ा।

### इस एक्शन के लिए दर्ज हुआ नाम



मिशन इंपॉसिबल फ्रेंचाइजी की आठवीं किस्त मिशन इम्पॉसिबल- द फाइनल रेकनिंग (2025) में उन्होंने जो एक्शन किए हैं, वह तारीफ के काबिल हैं। फिल्म में टॉम क्रूज ने शानदार स्टंट करते हुए जलते हुए पैराशूट पर जंप किया है। टॉम ने जलते हुए पैराशूट पर 16 बार हेलीकॉप्टर से छलांग लगाई, फिर पैराशूट के जले हुए हिस्से को काटकर सुरक्षित किया। इस स्टंट को करने के लिए उनका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया है। रिकॉर्ड में उनका नाम 4 जून को दर्ज किया गया।

मीठी नदी सफाई घोटाला

# डिनो मोरिया के आवास पर ईडी की रेड



करोड़ों रुपयों के गबन से संबंधित मीठी नदी सफाई घोटाला मामले में फंसे अभिनेता डिनो मोरिया की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। मामले को लेकर प्रवर्तन निदेशालय ने मुंबई स्थित उनके आवास पर शुक्रवार को छापेमारी की। जानकारी के अनुसार, डिनो मोरिया के अलावा बीएमसी के सहायक अभियंता प्रशांत रामुगडे समेत अन्य के ठिकानों पर भी ईडी ने छापेमारी की है। मामले में अभिनेता 28 मई को ईओडब्ल्यू जांच अधिकारियों के सामने पेश हुए थे। अधिकारियों ने अभिनेता से लगभग सात घंटे तक पूछताछ की थी, जिसमें उन्होंने कई अहम सवालों के जवाब दिए।

26 मई को भी डिनो मोरिया से पूछताछ की गई थी। ईओडब्ल्यू के अधिकारियों के मुताबिक, डिनो मोरिया को इसलिए बुलाया गया क्योंकि जांच में उनकी और उनके भाई सैंटिनो मोरिया की और इस मामले के मुख्य आरोपी केतन कदम के फोन पर कई बार बातचीत के रिकॉर्ड मिले हैं। अब पुलिस ये समझना चाहती है कि इनके बीच क्या चर्चा हुई थी। आरोप है कि मीठी नदी की सफाई के लिए इस्तेमाल होने वाली मशीनें, जैसे कि कीचड़ हटाने वाली और गहरी खुदाई करने वाली मशीन आदि को किराए पर लेने वाले पैसे का गलत इस्तेमाल हुआ। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने कथित तौर पर कोच्चि स्थित कंपनी मैटप्रॉप टेक्निकल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से प्राप्त मशीनों के लिए बढ़ी हुई कीमतें चुकाईं।

# श्रुति हासन को महीनों बाद मिली खोई हुई बिल्ली कोरा, एक्ट्रेस फिर भी हैं उदास

**एक्ट्रेस** और सिंगर श्रुति हासन को आखिरकार कई महीनों बाद अपनी खोई हुई बिल्ली कोरा मिल गई। उन्होंने बताया कि जब कोरा मिली, तो वह बहुत कमजोर और घायल थी। लेकिन हैरानी की बात यह थी कि वह अभी भी घर लौटना नहीं चाहती थी। श्रुति ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी बिल्ली कोरा की एक झलक शेयर की और लिखा, मैंने आखिरकार कई महीनों बाद अपनी खोई हुई बिल्ली कोरा को देखा। वह घायल थी, कमजोर और दुबली हो गई थी, लेकिन फिर भी घर लौटने को तैयार नहीं थी।

एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने कोरा को खूब प्यार किया, लेकिन उसकी हालत देखकर उन्हें रोना आ गया।

श्रुति हासन ने लिखा, मैंने उसे जितना प्यार दे सकती थी दिया, फिर यह सोचकर रो पड़ी कि वह घर कब वापस आएगी। कभी-कभी एक बिल्ली की मम्मी होना बहुत मुश्किल होता है। सबसे ज्यादा मैं इस बात के लिए शुक्रगुजार हूं कि वह जिंदा है और अपनी मर्जी से जी रही है। शायद यही ठीक है।

वर्कफ्रंट की बात करें तो, श्रुति जल्द ही अपनी अगली एक्शन थ्रिलर फिल्म कुली में नजर आएंगी। इस फिल्म में



तेलुगु स्टार नागार्जुन, कन्नड़ स्टार उपेंद्र, मलयालम स्टार सौबिन शाहिर और तमिल स्टार सत्यराज सहित कई साउथ के बड़े अभिनेता नजर आएंगे। फिल्म कुली को कलानिधि मारन ने सन पिक्चर्स के बैनर तले प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म 14 अगस्त को रिलीज होने वाली है। कुली के अलावा, श्रुति हासन अब अंतरराष्ट्रीय फिल्मों में भी कदम रखने जा रही हैं। वह अपनी पहली हॉलीवुड फिल्म द आई में नजर आएंगी। यह फिल्म एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर है। इसमें श्रुति के साथ मार्क रोवली मुख्य भूमिका में होंगे, और साथ में लिंडा मार्लो और पेरू कवालियेरी भी अहम किरदार निभाएंगे। इनके अलावा, श्रुति की झोली में फिल्म सालार पार्ट 2: शौर्यांगा पर्वम भी है। इस फिल्म में उनके साथ प्रभास और पृथ्वीराज सुकुमारन भी मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का पहला पार्ट 2023 में रिलीज हुआ था, जिसे प्रशांत नील ने डायरेक्ट किया था। इसके पहले पार्ट में जगपति बाबू, बॉबी सिम्हा, श्रेया रेड्डी, रामचंद्र राजू, जॉन विजय, ईश्वरी राव, टीनू आनंद, देवराज, ब्रह्माजी और माइम गोपी नजर आए थे।

# मेसी फीफा क्लब विश्व कप में इंटर मियामी का नेतृत्व करने के लिए उत्सुक



एजेंसी

**मियामी।** फुटबॉल महानायक लियोनेल मेसी ने कहा है कि 2025 में अमेरिका में होने वाले फीफा क्लब विश्व कप के लिए उनकी उम्मीदें पहले के मुकाबलों से अलग होंगी, जब वह बार्सिलोना की ओर से इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भाग लेते थे।

मेसी 2009, 2011 और 2015 में बार्सिलोना के साथ क्लब विश्व कप जीत चुके हैं। इस बार यह टूर्नामेंट विस्तारित 32 टीमों के फॉर्मेट में खेला जाएगा, जो चार सप्ताह तक चलेगा और संयुक्त राज्य अमेरिका के 11 शहरों में आयोजित होगा।

फीफा से बातचीत में मेसी ने कहा, 'इस टूर्नामेंट का हिस्सा बनने का मौका बेहद खास है। इस बार की उम्मीदें अलग हैं, लेकिन मैं उत्साहित हूं और दुनिया की बेहतरीन टीमों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने को लेकर तत्पर हूं।'

इंटर मियामी अपने अभियान की शुरूआत शनिवार को मियामी के हार्ड रॉक स्टेडियम में अल अहली के खिलाफ करेगा। इसके बाद टीम पाल्मेइरास और पोर्टो से भिड़ेगी।

मेसी ने कहा कि फीफा के सभी छह महाद्वीपों की टीमों की भागीदारी इस टूर्नामेंट को खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों के लिए खास अनुभव बनाएगी।

उन्होंने कहा, 'दुनिया भर से बड़ी टीमें आ रही हैं और इससे दुनियाभर के लोगों की दिलचस्पी जुड़ी है। यह हमारे लिए एक नया और अलग अनुभव है। अमेरिका में दुनिया के बेहतरीन खिलाड़ियों को खेलते देखना एक अद्भुत अवसर है।'

हालांकि उन्होंने माना कि यूरोपीय क्लब खिताब के प्रबल दावेदार होंगे, लेकिन उन्होंने दक्षिण अमेरिकी और अन्य क्षेत्रों की टीमों को भी हल्के में नहीं आंका।

मेसी ने कहा, 'यह दक्षिण अमेरिकी और उभरती हुई टीमों के लिए भी बड़ा मौका है कि वे यूरोपीय दिग्गजों के खिलाफ खेलें। वे टीमें जिनके पास दुनिया के सबसे अच्छे खिलाड़ी हैं और जिन्हें देखने के लिए लोग बेताब रहते हैं।यह खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों के लिए एक शानदार अनुभव होगा।'

2025 क्लब विश्व कप की शुरूआत इस शनिवार से हो रही है और यह टूर्नामेंट 2025 गर्मियों में अमेरिका में आयोजित होने वाले सबसे बड़े फुटबॉल आयोजनों में से एक माना जा रहा है।

फिडे वर्ल्ड रैपिड और ब्लिट्ज टीम चैंपियनशिप:

# अर्जुन एरिगैसी की अगुवाई में टीम एमजीडी1 ने रैपिड खिताब जीत रचा इतिहास

**लंदन।** भारतीय शतरंज के इतिहास में एक गौरवपूर्ण क्षण तब आया जब पुणे स्थित टीम एमजीडी 1 ने अर्जुन एरिगैसी की कप्तानी में फिडे वर्ल्ड रैपिड एंड ब्लिट्ज टीम चैंपियनशिप 2025 का रैपिड खिताब जीत लिया। यह इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में खिताब जीतने वाली पहली भारतीय-प्रायोजित टीम बन गई है। टीम एमजीडी1 केवल एक शतरंज टीम नहीं बल्कि एक शतरंज प्रबंधन और निवेश संस्था है, जो प्रतिभाओं को संवारने, टूर्नामेंट आयोजित करने और अपनी फ्लैगशिप टीम को अंतरराष्ट्रीय मंच पर उतारने का कार्य करती है। इस टीम की खासियत यह रही कि यह पूरी तरह भारतीय प्रतिभाओं पर आधारित रही, जिसमें अर्जुन एरिगैसी के अलावा पेंटाला हरिकृष्णा, लियोन ल्यूक मेंडोंका, प्रणव वी और अथर्व पी. तायड़े शामिल रहे।

**आखिरी दौर में रोमांचक जीत :** फाइनल राउंड में एमजीडी1 का मुकाबला 'माल्कम्स मेट्स' से हुआ, जहां अर्जुन एरिगैसी, प्रणव वी और अथर्व तायड़े ने निर्णायक जीतें दर्ज करते हुए टीम को ऐतिहासिक खिताब दिलाया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान एमजीडी1 का मुख्य मुकाबला 'हेक्सामाइंड' टीम से रहा, जिसमें लेवोन अरोनियन, विदित गुजराती और दिव्या देशमुख जैसे सितारे शामिल थे। हेक्सामाइंड ने अंततः 1 मैच प्वाइंट से पीछे रहकर दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि विश्वनाथन आनंद की अगुवाई वाली 'फ्रीडम' टीम ने 17 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

**पहले दिन की मुख्य झलकियां :** टूर्नामेंट के पहले दिन चार राउंड के बाद एमजीडी1 ने 4 में से 4 मुकाबले जीतकर शीर्ष स्थान पर कब्जा कर लिया। वहीं अलीरेजा फिरोजा, हिकारू नाकामुरा और अलेक्जांद्रा कोस्टेनियुक जैसे दिग्गजों वाली डब्ल्यूआर चेस टीम ने विश्वनाथन आनंद की 'फ्रीडम' टीम से ड्रॉ खेला और दूसरे स्थान पर रही।

इस बार टूर्नामेंट में दो प्रमुख नाम झ मैग्नस कार्लसन और इयान नेपोमनियाची झ शामिल नहीं हो सके। कार्लसन 2023 में डब्ल्यूआर चेस को ब्लिट्ज खिताब दिला चुके हैं, जबकि नेपोमनियाची पासपोर्ट संबंधी समस्याओं के कारण अनुपस्थित रहे।

# कोच मनोलो मार्केज के भविष्य पर 29 जून को होगा फैसला : कल्याण चौबे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने शुक्रवार को कहा है कि भारत की पुरुष फुटबॉल टीम के कोच मनोलो मार्केज के भविष्य पर निर्णय 29 जून को होने वाली कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिया जाएगा।

उन्होंने कहा, 'मनोलो मार्केज एक अनुभवी और भारतीय फुटबॉल को समझने वाले कोच हैं, लेकिन पिछले कुछ दिनों से मुझे कई कॉल्स आ रही हैं कि क्या वह कोच बने रहेंगे या नहीं। इस पर अंतिम निर्णय कार्यकारिणी की बैठक में लिया जाएगा। हालांकि, यह सोचना अवास्तविक है कि बिना गोल किए हम जीत सकते हैं।'

मार्केज ने इगोर स्टिमाक की जगह भारतीय टीम के कोच का पद संभाला था, लेकिन अब तक वह एक भी प्रतिस्पर्धात्मक मैच जीतने में नाकाम रहे हैं। एएफसी एशियन कप क्वालिफायर में भारत को हॉन्गकॉन्ग के खिलाफ 0-1 से हार और बांग्लादेश से गोलरहित ड्रॉ ने आलोचनाओं को जन्म दिया है और कोच को हटाने की मांग तेज हो गई है।



### ओसीआई खिलाड़ियों को भारतीय टीम में शामिल करने की कवायद

कल्याण चौबे ने बताया कि एआईएफएफ उन भारतीय मूल के विदेशी खिलाड़ियों यानी ओसीआई (ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया) को टीम में शामिल करने के लिए कई सरकारी विभागों के संपर्क में है। उन्होंने कहा, 'हमने इस विषय पर सरकार के कई मंत्रालयों से संवाद शुरू किया है और शुरूआती प्रतिक्रिया उत्साहजनक रही है। हम 33 ऐसे खिलाड़ियों से संपर्क में हैं जिनमें से कुछ के पास ओसीआई कार्ड है और कुछ आवेदन की प्रक्रिया में हैं। हम उन्हें इस प्रक्रिया में सहायता भी दे रहे हैं।'

### आईएसएल में भारतीय स्ट्राइकरों की कमी चिंता का विषय

भारतीय सुपर लीग (आईएसएल) में भारतीय स्ट्राइकरों की भागीदारी कम होने को लेकर भी सवाल उठे।

कल्याण चौबे ने कहा, 'विदेशी खिलाड़ियों की संख्या में कटौती पर एआईएफएफ अकेले निर्णय नहीं ले सकता। सभी हितधारकों को मिलकर निर्णय लेना होगा।'

एआईएफएफ द्वारा की गई एक प्रस्तुति के अनुसार, भारत के तीन हालिया कोचों – स्टीफन कॉन्स्टैन्टाइन, इगोर स्टिमाक, और मनोलो मार्केज – के कार्यकाल में टीम के प्रदर्शन की तुलना की गईः

**कॉन्स्टैन्टाइनः** प्रति मैच गोल - 1.64` जीत प्रतिशत - 57%

**स्टिमाकः** प्रति मैच गोल - 1.01` जीत प्रतिशत - 35%

**मार्केजः** प्रति मैच गोल - 0.75` जीत प्रतिशत - 13%

इसके अलावा यह भी बताया गया कि भारतीय स्ट्राइकरों को उनके क्लबों में नियमित रूप से सेंटर फॉरवर्ड की भूमिका नहीं मिलती, जिससे राष्ट्रीय टीम में उन्हें नए पोजीशन में खेलने में मुश्किल होती है।

चौबे ने कहा, 'हमने पिछले 10 सालों में अच्छे स्ट्राइकर तैयार नहीं किए हैं। सुनील छेत्री का समर्पण और फिटनेस काबिले-तारीफ है, लेकिन अब नए फॉरवड्र्स की जरूरत है।'

### 2031 एएफसी एशियन कप की मेजबानी पर भारत की नजर

कल्याण चौबे ने बताया कि भारत ने 2031 एएफसी एशियन कप की मेजबानी के लिए 'इच्छा पत्र' जमा कर दिया है। इसके अलावा भारत भविष्य में एएफसी बीच सॉकर और फूटसाल टूर्नामेंट की मेजबानी की योजना भी बना रहा है।

उन्होंने कहा, 'हम नीचे से ऊपर की ओर काम करने की रणनीति पर चल रहे हैं। 2031 एशियन कप की मेजबानी के साथ हम भविष्य में किसी फीफा टूर्नामेंट की मेजबानी के बारे में भी सोच सकते हैं।' उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि कानूनी मामलों और अदालती कार्यवाहियों में एआईएफएफ का काफी समय और पैसा खर्च हो रहा है, जिसे फुटबॉल के विकास में लगाया जाना चाहिए।

# अहमदाबाद प्लेन हादसे बाद डीजीसीए का फैसला उड़ान से पहले कई अहम तकनीकी जांच का निर्देश



**नई दिल्ली:** भारत के नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने बोइंग के सभी ड्रीमलाइनर विमानों की बेड़े पर सुरक्षा जांच को सख्त कर दिया है। ये फैसला अहमदाबाद में एयर इंडिया की लंदन जा रही फ्लाइट एआई-171 के भयावह हादसे के बाद लिया गया है। डीजीसीए ने एयर इंडिया को आदेश दिया है कि वह 15 जून, 2025 की मध्यरात्रि से भारत से उड़ान भरने से पहले एक बार की विशेष जांच प्रक्रिया को अनिवार्य रूप से लागू करे। डीजीसीए ने उड़ान से पहले कई अहम तकनीकी जांचों का निर्देश दिया है, जिसमें फ्यूल पैरामीटर मॉनिटरिंग, कैबिन एयर कंप्रेसर सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक इंजन कंट्रोल टेस्ट, इंजन फ्यूल एक्टुएटर ऑपरेशन, ऑयल सिस्टम और हाइड्रोलिक सिस्टम की सेवा जांच शामिल है। इसके साथ ही टेकऑफ से पहले के पैरामीटर्स की समुचित समीक्षा करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इसके अलावा डीजीसीए ने आदेश दिया है कि ह्यफ्लाइट कंट्रोल इंस्पेक्शनह्न को ट्रांजिट निरीक्षण में जोड़ा जाए और यह प्रक्रिया अगले आदेश तक जारी रखी जाए। साथ ही दो सप्ताह के भीतर पावर एश्योरेंस चेक्स कराना भी अनिवार्य किया गया है। साथ ही पिछले 15 दिनों में बोइंग ड्रीमलाइनर विमानों में सामने आए रिपिटिटिव तकनीकी खराबियों की समीक्षा करने और उनसे जुड़े सभी मेंटेनेंस कार्यों को जल्द से जल्द निपटाने के आदेश भी दिए गए हैं। डीजीसीए का यह कदम एयर इंडिया की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से उठाया गया है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। अहमदाबाद प्लेन घटना ने हवाई सफर को लेकर चिंताओं को बढ़ा दिया है। इस बीच सरकार यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बोइंग के ड्रीमलाइनर 787-8 विमान को उड़ानों से दूर रखने पर विचार कर रही है। इस विमान को अमरीकी प्लेन निमार्ता कंपनी बोइंग ने तैयार किया है। हादसे की जांच के बाद यह फैसला लिया जाएगा।

**हर उड़ान से पहले ये जांच जरूरी:-**

- फ्यूल सिस्टम की जांच यानी ईंधन से जुड़े पैरामीटर सही हैं या नहीं।
- कैबिन में हवा पहुंचाने वाले सिस्टम की जांच।
- इंजन कंट्रोल सिस्टम की जांच।
- इंजन में ईंधन डालने और ऑयल सिस्टम की जांच।
- हाइड्रोलिक सिस्टम की जांच, जो प्लेन के पहिए, ब्रेक कंट्रोल करता है।
- टेक-ऑफ के आंकड़ों जैसे रफ्तार, वजन की दोबारा समीक्षा।
- एक नया फ्लाइट कंट्रोल चैक होगा, जो हर स्टॉप पर किया जाएगा।
- पावर टेस्ट (इंजन ताकत की जांच) अगले दो हफ्ते में करना अनिवार्य है।
- पिछले 15 दिन में इन विमानों में जो भी खराबी बार-बार आई है, उसकी जांच पूरी किए बिना कोई मेंटेनेंस बंद नहीं होगा।

## अहमदाबाद विमान हादसाः सरकार ने गठित की उच्च स्तरीय समिति, हादसे के कारणों का लगाएगी पता

**नई दिल्ली :** अहमदाबाद से लंदन के गैटविक एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरने वाले एयर इंडिया के विमान एआई-171 के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारणों की जांच के लिए सरकार ने एक उच्च स्तरीय समिति बनाई है। यह समिति कई क्षेत्रों के विशेषज्ञों को शामिल करके गठित की गई है। इसकी जानकारी नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर पोस्ट जारी कर-के दी है। इस पोस्ट में विमान हादसे की जांच के लिए समिति गठित करने के निर्देश दिए गए हैं, जो हादसे के कारणों का पता लगाएगी।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय के पोस्ट के मुताबिक, समिति का मुख्य उद्देश्य इस हादसे के कारणों का पता लगाना और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए मौजूदा नियमों (एसओपी) और दिशा-निर्देशों की समीक्षा करना है। इसके साथ ही, समिति ऐसी दुर्घटनाओं से निपटने के लिए नए और व्यापक दिशा-निर्देश तैयार करने का सुझाव देगी।

पोस्ट में कहा गया है कि यह समिति अन्य संगठनों की ओर से की जा रही जांचों का विकल्प नहीं है। इसका ध्यान केवल भविष्य में हादसों को रोकने और उनके प्रबंधन के लिए बेहतर नियम बनाने पर केंद्रित है। वहीं, अधिकारियों ने बताया कि समिति जल्द ही अपनी जांच शुरू करेगी और समयबद्ध तरीके से अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। इस कदम से विमानन सुरक्षा को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण बदलाव की उम्मीद है।

बता दें कि गुजरात के अहमदाबाद में एयर इंडिया का विमान टेक ऑफ के कुछ ही सेकंड बाद हादसे का शिकार हो गया था। इस विमान में 242 लोग सवार थे, जिसमें से 1 व्यक्ति ही जिंदा बच पाया। स्थिति का जायजा लेने प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को घटनास्थल पर गए और वहां की मौजूदा स्थिति की समीक्षा की थी। उन्होंने हादसे में घायल हुए लोगों का भी हाल जाना था।

इस बीच, एयर इंडिया ने हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों की सहायता के लिए मित्र एवं सहायता केंद्र भी स्थापित किया है। यह केंद्र मुख्य रूप से दिल्ली, मुंबई और गेटेविक हवाई अड्डे पर स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों का मुख्य उद्देश्य हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को मदद करना है। इसकी जानकारी एयर इंडिया ने शुक्रवार को ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी थी।

## सड़क पर पलटी कार, दो की मौत, तीन गंभीर



- पुलिस ने शव कब्जे में लेकर शुरू की छानबीन
- पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपे जाएंगे शव

**कुल्लूः** जिला कुल्लू के मुख्यालय के साथ लगते भेखली मार्ग पर गुरुवार रात एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। इस हादसे में दो युवकों की मौत हो गई है, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही कुल्लू पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को गाड़ी से बाहर निकाला। घायलों को इलाज के लिए ढालपुर अस्पताल लाया गया है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए जाएंगे। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यह घटना गुरुवार रात नौ बजे के बाद घटी। जब पांच युवक एक कार में भेखली से कुल्लू की तरफ आ रहे थे। तभी अचानक कार का संतुलन बिगड़ा और कार सडक से नीचे जा लुढकी।

इस घटना में दो युवकों की मौत हो चुकी है, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मरने वालों में 21 वर्षीय गवाना गांव का बालकृष्ण, 18 वर्षीय आशीष शर्मा उर्फ विशू शामिल है। जबकि साहिल, रिपन गांव धारा, हिमांशु निवासी जरी मणिकर्ण घाटी यह सभी युवक गंभीर रूप से घायल है। एएसपी कुल्लू संजीव चौहान ने बताया कि पुलिस की टीम ने मामला दर्ज कर लिया और आगामी कार्रवाई की जा रही है।

## नेतन्याहू ने पीएम मोदी से की बातचीत, प्रधानमंत्री को हालात से करवाया रू-ब-रू, मोदी ने की शांति की अपील



**नई दिल्लीः** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार शाम पीएम नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की है। इस दौरान उन्होंने मोदी को हालात की जानकारी दी। पीएम मोदी ने इजरायली पीएम से इलाके में जल्द से जल्द शांति और स्थिरता कायम करने के लिए कहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। नेतन्याहू ने ईरान पर हमले के बाद तीन देशों के शीर्ष नेताओं से बात की है। इनमें पीएम मोदी के अलावा जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों शामिल हैं। नेतन्याहू ने कहा कि वह आने वाले दिनों में भी इन नेताओं से बातचीत करेंगे।

उधर, इससे पहले इजरायल-ईरान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर जर्मन चांसलर फ्रेडरिक, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने फोन पर बातचीत की। उन्होंने ईरान पर इजराइल के हमलों और उसके जवाब में ईरान की सैन्य कार्रवाई को लेकर चर्चा की। तीनों नेताओं ने यह भी तय किया कि वे इस मुद्दे पर लगातार संपर्क में रहेंगे।

ईरानी राष्ट्रपति की दोटूक, नेतन्याहू को पछताना पड़ेगाः ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने इजरायल के हमले पर कड़ा जवाब देते हुए कहा है कि देश इस आक्रमण का ऐसा जवाब देगा कि दुश्मन को पछताना पड़ेगा। उन्होंने इसे ईरान की संप्रभुता पर सीधा हमला बताया और कहा कि इस दुस्साहस का बदला जरूर लिया जाएगा। राष्ट्रपति ने कहा कि ईरान अपनी जनता और सुरक्षा बलों की शहादत को व्यर्थ नहीं जाने देगा।



## यूपीः प्रदेश में भीषण गर्मी, भट्ठी की तरह तप रही हैं सड़के,मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

**नई दिल्लीः** उत्तर प्रदेश में पूरब से पश्चिम तक प्रचंड गर्मी का प्रकोप बरकरार है। बीते कई दिनों से हो रही भीषण गर्मी से लोगों का दम फूलने लगा है। सड़कें भट्ठी की तरह तप रही हैं। विशेष तौर पर बुंदेलखंड और पश्चिमी यूपी के कई जिले लू की चपेट में हैं। मौसम विभाग के मुताबिक फिलहाल 15 जून तक इन इलाकों में झुलसा देने वाली गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है। वहीं रविवार से प्रदेश के पूर्वी हिस्से से प्री-मानसूनबूंदाबांदी की शुरूआत के आसार हैं। 16 जून से पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में बूंदाबांदी के संकेत हैं। शनिवार के लिए मौसम विभाग ने बुंदेलखंड और पश्चिमी यूपी के मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, झांसी, जालौन, अलीगढ़, मथुरा समेत 19 जिलों में भीषण गर्मी की चेतावनी जारी किया है। मौसम विभाग का कहना है कि इन इलाकों में दिन में उमस भरी गर्मी और लू जैसी परिस्थितियों के साथ रातें भी सामान्य से ज्यादा गर्म रहेंगी।हालांकि इस दौरान पूर्वी यूपी के कुछ जिलों बलिया, मऊ, आजमगढ़, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज आदि में।

शुक्रवार को झांसी, बांदा, आगरा, प्रयागराज, वाराणसी आदि शहरों में पारा 40 डिग्री के पार रहा। यहां तपिश के साथ उमस और गर्म हवा के थपेड़ों से लोग बेहाल रहे।शनिवार को पूर्वी- दक्षिणी यूपी और तराई के 35 जिलों में गरज-चमक और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश में 15 जून तक हीट वेव की परिस्थितियां है। इसके बाद 16 जून से पश्चिम व पूरब दोनों संभागों में गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी से राहत मिलने के आसार हैं। यहां रहेंगे लू जैसे हालातः मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, कानपुर देहात, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, झांसी व आसपास के इलाकों में। गरज चमक के साथ तेज हवाएं चलने की संभावनाः चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिजार्पुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं एवं आसपास के इलाकों में।

### कश्मीर जाने के लिए वंदे भारत बनी पहली पसंद

## वैष्णो देवी से सीधा श्रीनगर पहुंच रहे टूरिस्ट, 10 दिनों तक सीटें फुल



**श्रीनगर :**कश्मीर घाटी को देश की राजधानी दिल्ली और शेष भारत से सीधे रेल संपर्क देने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस अब कश्मीर की ह्ललाइफलाइनह्व बनती जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 6 जून को श्रीनगर से दिल्ली तक इस ऐतिहासिक रेल सेवा का उद्घाटन किया गया था, और इसके ठीक अगले दिन यानी 7 जून से इसका नियमित संचालन शुरू हुआ।

रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, पिछले सात दिनों में 15 हजार से अधिक यात्रियों ने इस सुविधा का लाभ उठाया है। 550 सीटों की क्षमता वाली इस ट्रेन में अगले 10 दिन तक सभी सीटें फुल बुक हैं। यात्रियों की सुविधा, समय की बचत और आरामदायक सफर को देखते हुए लोग जम्मू-श्रीनगर हाईवे की बजाय ट्रेन से यात्रा करना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। रेल अधिकारी सिकंदर अहमद ने बताया कि अब तक सफर करने वाले यात्रियों में से लगभग तीन हजार पर्यटक थे, जिनमें से अधिकांश माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए कटड़ा आए थे। उन्होंने बताया कि यात्रियों की ओर से किसी भी प्रकार की कोई शिकायत नहीं मिली है और रेल सेवा समय पर और सुरक्षित तरीके से चल रही है। हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद कश्मीर में पर्यटन उद्योग को भारी नुकसान हुआ था। होटलों की बुकिंग में 90 प्रतिशत तक की गिरावट देखी गई, जबकि हवाई यात्रा की बुकिंग में भी करीब 45 प्रतिशत की कमी आई थी। इस संकट के बीच वंदे भारत ट्रेन और प्रधानमंत्री का कश्मीर दौरा एक सकारात्मक संदेश लेकर आया है। यह सेवा अब कश्मीर में सुरक्षा और स्थिरता का प्रतीक बनकर उभरी है, जिससे पर्यटकों का विश्वास दोबारा लौटने लगा है। स्थानीय कारोबारियों और टूरिज्म इंडस्ट्री को उम्मीद है कि यह रेल सेवा घाटी की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में अहम भूमिका निभाएगी।



## फिर डराने लगा कोरोना : भारत में नए वैरिएंट ने पकड़ी रफ्तार, 24 घंटे में 269 नए मरीज

**नई दिल्ली :** कोविड-19 संक्रमण का नया वैरिएंट फिर खतरनाक हो गया है। शुक्रवार को एक्टिव केस में कमी से राहत मिली थी, लेकिन पिछले 24 घंटे में 250 से ज्यादा नए मामले सामने आने से टेंशन बढ़ गई है। फिलहाल पूरे देश में कोविड के एक्टिव मामलों की संख्या 7400 पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 14 जून को सुबह 8 बजे तक के आंकड़े जारी किए। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में 269 नए मामले दर्ज हुए हैं। शुक्रवार को पूरे देश में एक्टिव मामलों की संख्या 7131 थी। नए मामलों के बाद भारत में एक्टिव मामलों की संख्या 7400 हो गई है। कोविड संक्रमण ने पिछले 24 घंटे में 9 लोगों की जान ली है। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 4 मौतें हुई हैं, जबकि केरल में संक्रमण से पीड़ित 3 लोगों की मौत हो गई है। राजस्थान और तमिलनाडु में भी एक-एक व्यक्ति की जान चली गई है।

केरल में मरने वालों में 83 साल, 67 साल और 61 साल के तीन पुरुष शामिल हैं। महाराष्ट्र में पहले से शुगर के मरीज 79 साल के एक बुजुर्ग की जान गई है। एक 85 वर्षीय बुजुर्ग, जिनकी किडनी में भी समस्या थी, उनकी मौत हुई है। इनके अलावा 55 साल और 34 साल के दो लोग भी संक्रमण से पीड़ित थे, जिनकी मौत हो गई। संक्रमण ने राजस्थान में एक 70 साल की बुजुर्ग महिला की जान ली है, जबकि तमिलनाडु में कई बीमारियों से पीड़ित चल रहे एक 73 साल के बुजुर्ग की भी मौत हुई है।

कोविड का नया वैरिएंट 3 राज्यों त्रिपुरा, मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश को छोड़कर देश के सभी राज्यों में पैर फैला चुका है। नए वैरिएंट ने सबसे ज्यादा केरल में अटैक किया, जहां अब तक 2 हजार से ज्यादा मामले दर्ज हैं। उसके बाद गुजरात, पश्चिम बंगाल, दिल्ली और महाराष्ट्र जैसे राज्य इस फेहरिस्त में शामिल हैं।

# बोतल से गला रेंत कर चचेरे भाई की हत्या जन्मदिन मनाने चंडीगढ़ से शिमला आए थे दोनों



**शिमलाः** प्रदेश की राजधानी शिमला में दिल दहला देने वाली हत्या की वारदात सामने आई है। शिमला के संजौली में ढली टनल के पास एक निजी होटल के कमरे में चंडीगढ़ से आए एक युवक की कांच की बोतल से गला रेंत कर निर्मम हत्या कर दी। मृतक की पहचान आकाश शर्मा पुत्र स्व. अजय शर्मा, निवासी एससीएफ-40, ग्रेन मार्केट, सेक्टर-26, चंडीगढ़ के रूप में हुई है। दोनों युवक जन्मदिन मनाने शिमला आए थे। युवक की हत्या का आरोप मृतक के चचेरे भाई पर लगे हैं। आरोपी युवक भाई के साथ होटल के उसी कमरे में साथ ठहरा हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, आरोपी मौके से फरार हो गया है। पुलिस थाना ढली में होटल के रिसेप्शनिस्ट मनीष ठाकुर ने बताया कि 11 जून रात साढ़े आठ बजे के करीब आकाश शर्मा पुत्र स्व. अजय शमा व अर्जुन शर्मा पुत्र अनिल शर्मा निवासी मकान संख्या 35, मेन मार्केट, सेक्टर-10, पंचकूला, हरियाणा होटल में ठहरे थे। 13 जून को सुबह उसे एक अज्ञात नंबर से फोन आया, जिसमें बताया गया कि उपरोक्त दोनों व्यक्तियों के मोबाइल फोन बंद आ रहे हैं।

कॉल करने वाले व्यक्ति ने आगे बताया कि अर्जुन शर्मा ने अपने परिवार का फोन नहीं उठाया। उसने आकाश शर्मा की हत्या कर दी है और होटल स्टाफ को कमरे की जांच करने को कहा। सूचना मिलने पर मनीष ठाकुर ने मास्टर चाबी की सहायता से कमरा खोला, जहां उन्होंने आकाश शर्मा को खून से सना चेहरा लिए बिस्तर पर पड़ा पाया। उन्होंने तुरंत 100 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही थाना ढली से पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। फोरेंसिक टीम भी वहां पहुंची और घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित करने में पुलिस टीम की सहायता की। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि दोनों व्यक्ति आपस में चचेरे भाई हैं, जिनकी उम्र लगभग 22-23 वर्ष है, और वे होटल में जन्मदिन मनाने के लिए आए थे। गुरुवार रात कहासुनी पर अर्जुन शर्मा ने कथित तौर पर आकाश शर्मा का गला रेंतकर और बीयर की बोतल से सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी। आरोपी मोटरसाइकिल से मौके से फरार हो गया। एएसपी शिमला रतन नेगी का कहना है कि पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एएसपी ने कहा कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बीएनएस की धारा 103 के तहत केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

न्यूज ब्रीफ

## खूंटी के तामार रोड पर भीषण कार-बाइक टक्कर, दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त



**खूंटी :** शहर के तामार रोड स्थित बस स्टैंड के सामने कल रात (लगभग 9 बजे) एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक मारुति कार और बाइक आपस में टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार को गंभीर चोटें आईं, जिसे तुरंत सदर अस्पताल ले जाया गया, जबकि कार चालक को मामूली चोटें आईं। हालांकि, कार का एयरबैग खुल जाने से उसकी जान बच गई, लेकिन दोनों वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए।

**हादसे का जोरदार असर :** टक्कर का प्रभाव इतना तीव्र था कि बाइक को टक्कर मारने के बाद कार ने करीब 30 फीट तक स्किड किया और रोड डिवाइडर की रेलिंग को पूरी तरह उखाड़ दिया। इस घटना से मौके पर मौजूद लोग सहम गए और उन्होंने पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी।

पुलिस ने बताया कि दुर्घटना की सटीक वजह का पता लगाया जा रहा है, लेकिन प्राथमिक जानकारी के अनुसार, गति या लापरवाही इसका कारण हो सकती है। पुलिस ने मामला दर्ज करके आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। सड़क सुरक्षा को लेकर सवाल

इस घटना ने एक बार फिर शहर में सड़क सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। स्थानीय निवासियों ने इस इलाके में स्पीड ब्रेकर और बेहतर ट्रैफिक नियंत्रण की मांग की है।

## स्वामी विवेकानंद हॉकी एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम का किया निरीक्षण



**गुमला :** गुमला जिले के चांडाली स्थित निमार्णाधीन स्वामी विवेकानंद हॉकी एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम का आज तकनीकी निरीक्षण किया गया। स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु सुसज्जित करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम रहा।

निरीक्षण के दौरान हॉकी इंडिया के मैदान विशेषज्ञ विक्रम पाल, जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार, झारखंड हॉकी संघ के सचिव विजय सिंह, गुमला हॉकी संघ के अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी विशेषज्ञों ने निर्माण स्थल पर चल रहे कार्यों की गहन समीक्षा की तथा तकनीकी मानकों के अनुरूप आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मैदान की सतह , ड्रेनेज व्यवस्था, एस्ट्रोटर्फ की गुणवत्ता, दर्शकदीर्घा, सहायक सुविधाओं एवं सुरक्षा मानकों का परीक्षण किया गया। हॉकी इंडिया के प्रतिनिधि द्वारा स्टेडियम की संरचना को अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के अनुरूप ढालने के लिए तकनीकी सुझाव भी दिए गए।

## एसडीएम शताब्दी मजूमदार ने बोड़ाम के मैट्रिक व इंटर के टॉपर्स को किया सम्मानित

**पटमदा :** शनिवार को बोड़ाम प्रखंड के दौरे पर पहुंची धालभूम एसडीओ शताब्दी मजूमदार ने बोड़ाम प्रखंड कार्यालय में आयोजित एक समारोह के दौरान मैट्रिक व इंटर के टॉपर्स तथा जेईई एडवान्सड-2025 में सफल होने वाले छात्र को सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में स्मृति महतो, काजल महतो, रिंकी प्रमाणिक, दीप नारायण महतो, प्रतिमा मंडल, भारती महतो, लक्खी सिंह, संजीव कुमार महतो, भोलानाथ महतो एवं जेईई एडवान्सड-2025 में सफल (कैटेगरी ऑल इंडिया रैंक 1220) एवं आईआईटी (मेकेनिकल इंजीनियरिंग) गुवाहाटी में प्रवेश पाने वाले संदीप रुहिदास शामिल हैं। मौके पर बीडीओ किकू महतो, सीओ रंजीत रंजन एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## सड़क निर्माण के नाम पर पैसे की बबार्दी की शिकायत

**धनबाद :** भूली में छह साल पुरानी सड़क के बिना टूटे ही मरम्मत की शिकायत उपायुक्त को पत्र लिखकर की गई। समाजसेवी रंजन यादव ने पत्र में लिखा है कि छह साल पहले सड़क का निर्माण किया गया। अभी इसकी स्थिति अच्छी है। इसके बावजूद चार करोड़ खर्च कर सड़क की मरम्मत की जा रही है। सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। डीसी से जांच की मांग की गई।

## आईआईटी के जियोलॉजिकल म्यूजियम को मिली राष्ट्रीय पहचान

**धनबाद:** आईआईटी के जियोलॉजिकल म्यूजियम को राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम) ने डायरेक्टरी ऑफ साइंस म्यूजियम्स एंड साइंस सेंटर्स इन इंडिया में शामिल किया गया है। एनसीएसएम भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अधीन है। यह राष्ट्रीय स्तर की निर्देशिका न केवल देशभर के प्रमुख विज्ञान संग्रहालय और विज्ञान केंद्रों को सूचीबद्ध करती है, बल्कि उसमें प्लैनेटेरियम (ग्रहालयों) की विस्तृत जानकारी भी शामिल है। आईआईटी का जियोलॉजिकल म्यूजियम एप्लाइड जियोलॉजी विभाग के तहत संचालित है। 1926 में स्थापित भू-वैज्ञानिक संग्रहालय भारत में अपनी तरह का सबसे पुराना संग्रहालय है। भू-वैज्ञानिक शिक्षा और अनुसंधान की समृद्ध विरासत का प्रतिनिधित्व करता है। 1,200 से अधिक प्रदर्शनों के साथ संग्रहालय भू-वैज्ञानिक नमूनों के एक जीवंत भंडार के रूप में कार्य करता है। राष्ट्रीय निर्देशिका में इसका समावेश संग्रहालय के शैक्षिक मूल्य और आउटरीच की एक महत्वपूर्ण मान्यता है। वैज्ञानिक जागरुकता और सीखने को बढ़ावा देने के लिए आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के प्रयास के हिस्से के रूप में संग्रहालय नियमित रूप से शैक्षणिक यात्राओं, स्कूल समूहों और विषयगत प्रदर्शनियों की मेजबानी करता है।

क्यों खास है जियोलॉजिकल म्यूजियमः जियोलॉजिकल म्यूजियम में विभिन्न प्रकार की चट्टान, खनिज, क्रिस्टल मॉडल, जीवाश्म और पृथ्वी की प्रक्रियाओं और जीवन के विकास को समझाने वाले शैक्षिक मॉडल शामिल हैं। संग्रहालय विशेष रूप से अपने विविध और दुर्लभ संग्रहों के लिए जाना जाता है। इसके मुख्य आकर्षण में भारतीय और अंतरराष्ट्रीय भू-वैज्ञानिक नमूनों का व्यापक प्रदर्शन शामिल हैं, जिसमें चट्टान, अयस्क, हाइड्रोकार्बन और उल्कापिंड शामिल हैं। इसमें विभिन्न भू-वैज्ञानिक युगों के व्यापक जीवाश्म रिकॉर्ड और प्राकृतिक और पॉलिश दोनों रूपों में रत्नों का एक प्रभावशाली संग्रह भी है। ये प्रदर्शन संग्रहालय को न केवल छात्रों और शोधकताओं के लिए बल्कि पृथ्वी विज्ञान में रुचि रखने वाले सामान्य आगंतुकों के लिए भी एक आकर्षक गंतव्य बनाते हैं।

# गुमला सदर अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड से 14 दिन के नवजात शिशु की चोरी

### गुमला सदर अस्पताल के प्रबंधन कमेटी और सुरक्षा व्यवस्था पर लगा प्रश्न चिन्ह

मेट्रो रेज संवाददाता

**गुमला :** गुमला सदर अस्पताल में अस्पताल प्रबंधन की अकर्मण्यता - कार्य शिथिलता - लापरवाही और सुरक्षा व्यवस्था में हुई जबरदस्त चूक फलस्वरूप गुमला सदर अस्पताल में एक 14 दिन के नवजात शिशु , एस . एन. सी. यूं . वार्ड से चोरी कर ली गई, सुरक्षा व्यवस्था लचर होने के कारण एक अज्ञात फर्जी नर्स के द्वारा एक नवजात शिशु को चोरी कर ली गई और गुमला सदर अस्पताल के प्रबंधक कमेटी और सुरक्षा व्यवस्था लचर होने के कारण एक नवजात शिशु की गई चोरी , सदर अस्पताल में संबंधित वार्ड और गुमला सदर अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था को ध्वस्त करते हुए एक फर्जी नर्स महिला ने उक्त नवजात शिशु की चोरी कर ली गई , और सदर अस्पताल प्रबंधन कमेटी और सुरक्षा व्यवस्था लचर होने का फायदा उठाकर एक नवजात शिशु चोरी की घटना को अंजाम दे दिया गया, क्यों नहीं किया जा रहा था सीसीटीवी कैमरे की निगरानी , अगर सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की निगरानी होती रहती तो फर्जी नर्स नवजात बच्चे की चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़ी जाती, निश्चित रूप से नवजात शिशु चोरी से पूर्व गुमला सदर अस्पताल की रैकी की गई होगी और सुरक्षा व्यवस्था कमजोर और लचर होने के कारण ही उसका फायदा उठाते हुए, उक्त नवजात शिशु की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया हैं, इसमें कोई किन्तु परन्तु नहीं हैं, घटनाक्रम इस प्रकार बताया जा रहा है, शुक्रवार की संध्या लगभग 7:30 बजे एक महिला नर्स ड्रेस में सदर अस्पताल गुमला के मुख्य द्वार पर प्रवेश करती है और अपनी पहचान छुपाने के उद्देश्य चेहरे पर मार्क्स लगाई हुई है और वह सीधे एसएनसीयू वार्ड पहुंचती है, और सिसई थाना स्थित रेडवा ग्राम निवासी रतनी इंदवार ( पति - नागों खड़िया ) के पास पहुंच कर 14 दिन के नवजात शिशु को अपने गोद में उठाते हुए, रतनी इंदौर से पूछती है की बच्चे को टीका लगा है या नही , महिला ने उत्तर दिया कि टीका लगा है , फिर वह बच्चे को उठाकर जाने लगी और बोली की तुम अपने पति को नीचे भेज देना तुम मत आना, 5 मिनट बाद रतनी अपने बच्चों को खोजते हुए सदर अस्पताल के नीचे पहुंचीं और अपने पति को उक्त घटनाक्रम की जानकारी दी और फिर दोनों पति-पत्नी अपने नवजात शिशु को खोजने लगे, पर उन्हें उनकी बच्ची नहीं मिली, तक दोनों पति-पत्नी गुमला सदर अस्पताल प्रबंधन को दी, उक्त सूचना से अस्पताल प्रबंधन के होश उड़ गए और उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुयें उक्त घटना की सूचना गुमला सदर अस्पताल के सिविल सर्जन






नवल कुमार सदर अस्पताल परिसर स्थित घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन और पुछताछ की और उक्त घटना की विस्तृत जानकारी गुमला सदर थाना प्रभारी महेंद्र कुमार करमाली को दी, उक्त सूचना मिलते ही उन्होंने अपने बरीय पदाधिकारी पुलिस अधीक्षक एवं सदर एसडीपीओ ( गुमला पुलिस कप्तान हारिश बिन जामां एवं एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ) महोदय को दी और उनके दिशा निर्देश पर कार्रवाई करते हुयें अपने दलबल के साथ गुमला सदर अस्पताल पहुंचकर कर गहराई से छानबीन एवं पुछताछ करते हुए गुमला सदर अस्पताल के सीसीटीवी कैमरा को खंगालने पर सीसीटीवी कैमरा फुटेज में साफ दिखाया पड़ रहा है की एक महिला ( फर्जी नर्स ड्रेस में ) सदर अस्पताल के अंदर प्रवेश करती हैं और सीधा एस.एन.सी.यू. वार्ड में पहूंचकर ( फर्जी नर्स ) बच्ची को उठाकर उसकी मां से कुछ बात करती और उक्त नवजात शिशु को अपने गोद में लेकर सड़क की ओर भागती हैं, जहां पर पहले से एक व्यक्ति हेलमेट लगाए हुए और मोटरसाइकिल स्टार्ट रखा है और उक्त (फर्जी नर्स महिला) उक्त स्थान पर पहुंचकर उक्त मोटरसाइकिल पर सवार होकर , मोटरसाइकिल चालक और फर्जी नर्स महिला नवजात बच्चे की चोरी कर दोनों उक्त घटनास्थल गुमला सदर अस्पताल परिसर से भागने में सफल रहते हैं, गुमला सदर थाना प्रभारी महेंद्र कुमार करमाली ने पीड़िता को आश्वासन देते हुए उन्होंने कहा की सीसीटीवी कैमरे में मोटरसाइकिल नंबर और उक्त फर्जी नर्स महिला का साफ फुटेज आगया हैं अतः गुमला पुलिस जल्द से जल्द उक्त दोनों अपराधियों एवं नवजात शिशु को तक पहुंचने में सफल हो जायेगी और नवजात शिशु को बरामद करते हुए उक्त दोनों महिला पुरुष अपराधियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजने में सफल होंगी, बताया जाता हैं की सिसई थाना क्षेत्र स्थित रेडवा ग्राम निवासी रतनी इंदौर ( पति - नागों खड़िया ) को 30 में 2025 को उक्त नवजात बच्ची का जन्म सिसई रेफरल अस्पताल में हुई थी, और जच्चा - बच्चा की स्थिति अच्छी नहीं थी तो उन्हें बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल स्थित आईसीयू वार्ड में भर्ती किया गया था और दोनों जच्चा - बच्चा के स्वास्थ्य होने पर उन्होंने एस. एन. सी. यूं . शिफ्ट कर दिया गया था, इसी क्रम में एक पुरुष एवं एक फर्जी नर्स महिला ने नवजात शिशु चोरी की घटना को अंजाम दिया गया क्या इस नवजात शिशु चोरी की घटना में गुमला सदर अस्पताल की किसी अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की मिली भगत तो नहीं।

## लोहरदगा के उपायुक्त ने 19 दिनों में ही जिला वासियों के बीच बेहतर सामंजस्य बनाया

बिनय मिश्रा

जन समस्याओं का निवारण पीड़ा जानने की इच्छा कष्टों को दूर करने की इच्छा शक्ति उपायुक्त की कार्य दक्षता और कार्य प्रणाली में शामिल हो तो जिला का सर्वांगीण विकास निश्चित है जी हाँ हम बात कर रहे हैं भारतीय प्रशासनिक सेवा 2017 बैच के आईएएस अधिकारी डॉ. कुमार ताराचंद की। श्री ताराचंद ने 27 मई को 39 वें उपायुक्त के रूप में अपना पदभार ग्रहण किया और महज 19 दिनों में ही अपनी बेहतर कार्य प्रणाली से जिला वासियों को बेहतर संदेश भी दिया है। सरल, मृदुभाषी और अपने दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण लोहरदगा जिला में विकास कार्यों से जिला को बेहतर बनाने में जुट गए हैं। जिला प्रशासन के बेहतर सामंजस्य और अधिकारियों के बेहतर कार्यों से जिला में विकास गति धरातल पर दिखाई दे रही है।

उपायुक्त की मानवता और संवेदना का यह उदाहरण भी



प्रेरणास्रोत है जब कोविड-19 आया था तो उस समय उन्होंने कोरोना के मरीजों का इलाज भी किया था। कृषि को प्रोत्साहित करने और किसानों को मार्गदर्शन कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बेहतर कार्य कर रहे हैं क्योंकि डॉ.कुमार ताराचंद झारखंड के कृषि निदेशक भी रह चुके हैं।पदस्थापना काल के 19 वें दिन उनके द्वारा जिला प्रशासन के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है । उपायुक्त का मानना है कि- रक्तदान का कोई विकल्प नहीं रक्तदान महादान है।

ऐसे उपायुक्त से राज्य और जिला दोनों गौरवान्वित होते हैं।

## स्कूल के 100 मीटर के दायरे में नहीं बिकेंगे तंबाकू उत्पाद

मेट्रो रेज संवाददाता

**गुमला :** गुमला में आज दिनांक 12 जून 2025 को गुमला में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता एवं जिला तंबाकू निषेध सलाहकार वंदना स्मृति एवं सदर थाने की पुलिस के द्वारा नशा के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें विभिन्न दुकानों का निरीक्षण किया गया और साथ ही अंतिम चेतावनी दी गई टीम के द्वारा एसएस स्कूल के पास निरीक्षण किया गया जहाँ कुछ नहीं पाया गया फिर टीम के द्वारा इग्निसुस विद्यालय , संत पात्रिक विद्यालय एवं उर्सलाइन कॉन्वेंट विद्यालय के पास निरीक्षण किया गया निरीक्षण के क्रम में कर्मवीर भारती,सूरज लकड़ा,मुकेश लकड़ा,भरत भगत के प्रतिष्ठानों में निकोटीन और तंबाकू युक्त उत्पादों की बिक्री करते हुए विक्रेताओं को पकड़ा गया , साथ ही कोटा एक्ट के तहत फाइन लगाया गया तत्पश्चात फिर टीम के द्वारा करम टोली के पास राजेंद्र अभ्यास विद्यालय,कस्तूरबा विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय के पास निरीक्षण किया गया निरीक्षण के क्रम में सुरेश सिंह , शुक्ररो उरांव , सपना कुजूर ,माही जनेरल स्टोर के प्रतिष्ठानों में छापेमारी के दौरान निकोटीन और तंबाकू युक्त उत्पादों की बिक्री करते हुए विक्रेताओं को पकड़ा गया साथ ही तंबाकू युक्त उत्पादन न भेचने की सख्त हिदायत दी गई और साथ सभी प्रतिष्ठानों में कोटपा एक्ट के तहत जुमार्ना लगाया गया

*साथ ही माही जनेरल स्टोर और भोला भंडार के प्रतिष्ठान मे साफ सफाई में काफी कमी पाई गई

बहुत ही साफ सफाई की कमी पाई गयी

अवधि समाप्त खाद्य सामग्री का विक्रय

प्रतिबंधित सोस की बोतल मिली

बिना अनुज्ञप्ति का प्रतिष्ठान चलाना

खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत स्पष्टीकरण किया गया और निर्देश दिया गया कि भविष्य में इस प्रकार का लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया गया साथ ही खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत उस पर कार्रवाई की जाएगी

और साथ ही खाद्य सुरक्षा अधिकारी के द्वारा बताया गया कि खाद्य सुरक्षा से जुड़े सभी विक्रेताओं को आवश्यक रूप से लाइसेंस लेकर अपने प्रतिष्ठान को चलना सुनिश्चित करेंगे इस सघन छापेमारी में मुख्य रूप से खाद्य सुरक्षा अधिकारी , गुमला सदर थाना एस आई, जिला तंबाकू निषेध सलाहकार वंदना स्मृति होरो,प्रियांशु कुमार सूरज कुमार की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही जिला प्रशासन गुमला के सभी व्यापारियों से अनुरोध करता है कि खाद्य सुरक्षा नियमों का पालन करें और बिना लाइसेंस का खाद्य व्यापार ना करें।

## खूंटी में आपराधिक गुटों की हिंसक झड़प, पुलिस ने अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**खूंटी :** थाना क्षेत्र के अख्ता गांव में 2 जून को दो आपराधिक गुटों के बीच हुई हिंसक झड़प का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस घटना में मारपीट, फायरिंग और हथियार लहराने की घटनाएं शामिल हैं। घटना के बाद खूंटी पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। बाद में उनके बयानों के आधार पर चार नई एफआईआर दर्ज की गईं। खूंटी एसपी मनीष टोप्पो ने बताया कि अनुसंधान के दौरान पुलिस ने दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है, जिनके पास से दो देशी पिस्टल और कारतूस बरामद हुए। इनमें एक आठ चक्रीय पिस्टल भी शामिल है। गिरफ्तार आरोपी आपराधिक पृष्ठभूमि के गिरफ्तार किए गए आरोपियों में पास्कल पूर्ति और सुखराम पूर्ति शामिल हैं, जो बरकरगी गांव के निवासी हैं। एसपी टोप्पो ने बताया कि ये दोनों पहले से ही आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहे हैं। इससे पहले राकेश लोहरा और पीकू कुमार सोनी को भी एक पिस्टल और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। पुलिस के अनुसार, यह मामला हथियारों की खरीद-फरोख्त से जुड़ा हुआ है। इस मामले में छापामारी अभियान में खूंटी थाना प्रभारी पुअनि मोहन कुमार, पुअनि सीताराम दांगी, पुअनि आदित्य कुमार, पुअनि अरुण कुमार और सशस्त्र बल की टीम शामिल रही। पुलिस ने आगे की जांच जारी रखते हुए अन्य संदिग्धों को पकड़ने के प्रयास तेज कर दिए हैं।

इस घटना ने एक बार फिर खूंटी में आपराधिक गुटों के बीच बढ़ते हिंसक विवादों को उजागर किया है, जिस पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई का संकेत दिया है।

## स्काउट एंड गाइड की स्थिति से अवगत हुए उपायुक्त

**जमशेदपुर :** भारत स्काउट एंड गाइड पूर्वी सिंहभूम जिला संगठन के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने जिला संगठन आयुक्त नरेश कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी से शिष्टाचार भेंट की।प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त का स्वागत किया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विद्यालयों में स्काउट एंड गाइड की गतिविधियों एवं उनकी वर्तमान स्थिति से अवगत कराया गया। साथ ही आगामी विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा भी प्रस्तुत की गई। प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से आग्रह किया कि वे संगठन के पदेन संरक्षक की भूमिका स्वीकार करें, जिस पर उपायुक्त ने सहमति प्रदान की।

## सड़क निर्माण के नाम पर पैसे की बबार्दी की शिकायत

**धनबाद :** भूली में छह साल पुरानी सड़क के बिना टूटे ही मरम्मत की शिकायत उपायुक्त को पत्र लिखकर की गई। समाजसेवी रंजन यादव ने पत्र में लिखा है कि छह साल पहले सड़क का निर्माण किया गया। अभी इसकी स्थिति अच्छी है। इसके बावजूद चार करोड़ खर्च कर सड़क की मरम्मत की जा रही है। सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। डीसी से जांच की मांग की गई।

## अपर समाहर्ता द्वारा राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया

गुमला : गुमला जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय सभागार में अपर समाहर्ता एवं उप विकास आयुक्त की संयुक्त अध्यक्षता में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी अनुमंडल पदाधिकारी, डीसीएलआर,सभी अंचल अधिकारी के साथ-साथ अन्य संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान ऑनलाइन दाखिल खारिज,ऑनलाइन रेंट कलेक्शन,परिशोधन पोर्टल ग्रीवांस, राजस्व कोर्ट केस, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, जाति, आय, आवासीय प्रमाण पत्र, भू-अर्जन संबंधी मामले एवं जन शिकायत निवारण संबंधी सभी विषयों पर विस्तृत समीक्षा की गई।

उप समाहर्ता द्वारा सभी अंचल अधिकारी को निर्देशित किया गया कि राजस्व संबंधी कार्यों को ससमय पूर्ण करें। उन्होंने यह भी कहा कि इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर एवं पारदर्शी ढंग से पूर्ण किया जाए जिससे आमजनों को परेशानी का सामना ना करना पड़े। साथ ही सभी लंबित दाखिल-खारिज वादों के त्वरित निष्पादन को प्राथमिकता दी जाए।

उप समाहर्ता शशिंद्र बड़ाईक ने सभी अंचल अधिकारी को निर्देश दिया कि अंचल अधिकारी के स्तर से निर्गत होने वाले सभी प्रमाण पत्रों को तय समय सीमा के अंदर निर्गत किया जाए। उन्होंने सभी अंचल कार्यालयों में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन करने का भी निर्देश दिया।

## घान व्यवसायी को दिनदहाड़े गोली मारकर चार लाख की लूट

### तीन बाइक में सवार होकर नौ अपराधियों ने उक्त घटना को दिया अंजाम

मेट्रो रेज संवाददाता

**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित रायडीह थाना क्षेत्र स्थित कांसीर सप्ताहिक हाट - बाजार में गुमला थाना क्षेत्र स्थित तिर्रा ग्राम निवासी 30 वर्षीय राजकुमार साव , घान व्यवसाय कांसीर सप्ताहिक हाट में घान खरीदारी करने के लिए , जैसे ही बाजार में पहूंचकर अपना दुकान लगाकर जैसे ही बैठा था और उसके झोले में ?4,00000 ( चार लाख रुपया और एक मोबाइल फोन था ) उक्त बाजार क्षेत्र में वह धान खरीदारी के लिए अपना दुकान लगाकर वह जैसे ही बैठा , इसी क्रम में लगभग 9 अपराधी ने दिनदहाड़े तीन मोटरसाइकिल में सवार होकर धान व्यवसाय राजकुमार साव के पास पहूंचकर पैसा का मांग करने लगे, इस पर राजकुमार साव के द्वारा विरोध करने पर उक्त अपराधियों ने उसके हांथ से थैली लूटने लगे और हाथापाई करने लगे इसी क्रम में एक अपराधी ने पिछे से देशी पिस्टल सटाकर लगातार दो फायर कर दिया , बताया जाता हैं की एक गोली उसके पेट में लगीं हैं , जबकि दूसरा गोली उसके पेट को छूते हुए निकल गया , गोली लगते ही राजकुमार साव जमीन पर गिरकर बेहोश हो गया, और उक्त सभी अपराधी थैली के अंदर रखे हुए चार लाख रुपया और मोबाइल लूटकर उक्त घटनास्थल से बांसडीह ग्राम के तरफ भागे में सफल रहें, उक्त महान व्यवसाय से लेवी की मांग की गई थी और एक पहले भी उसके साथ लूटपाट की कोशिश की गई थी , बाद में बाजार में उपस्थित ग्रामीणों ने उसे आनन-फानन में इलाज के लिये गुमला सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डाक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिये रांची रिम्स रेफर कर दिया गया हैं, उक्त घटना के बाद हाट बाजार के व्यापारियों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया हैं , उक्त घटना की सूचना मिलने ही गुमला सदर एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, गुमला सदर थाना प्रभारी महेंद्र कुमार करमाली तथा रायडीह थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह गुमला सदर अस्पताल में पहुंचकर उपस्थित बाजार व्यापारियों से गहराई से छानबीन और पुछताछ शुरू करते हुए अनुसंधान शुरू कर दिया गया हैं , सदर एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने बताया की उक्त घटनास्थल पर तीन बाइक पर सवार होकर 9 अपराधकर्मियों द्वारा उक्त घटना को अंजाम देने की बात आ रही हैं, यह भी बता समने आ रही हैं की एक वर्ष पूर्व में भी लूटपाट की कोशिश की गई थी और फिलहाल पैसे की मांग की गई थी, परन्तु राजकुमार साव जिले के विभिन्न हाट बाजारों में जाकर व्यवसाय किया जाता है अतः उन्होंने उक्त बात किसी को नहीं बताई थी, गुमला पुलिस अधीक्षक (गुमला पुलिस कप्तान हारिश बिन जामां ) महोदय का सख्त आदेश हैं की उक्त सभी अपराधियों को जल्द से जल्द सलाखों के पीछे भेज दिया जायेगा।